R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -259 | ग्वालियर, सोमवार 29 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए



## श्रीमती संध्या राय के साथ,यूवा नेता रणविजय सिंह गांव गांव कर रहे जन सम्पर्क

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

**जनता से मिल रहा अपार समर्थन कहीं पहनायें जा रहे चांदी के मुकुट तो कहीं फुल मालाओं से हो रहा स्वागत**

लहार विधानसभा के लोकप्रिय यूवा नेता रणविजय सिंह राजावत (महुआ) फिर एक बार चुनावी मैदान में पुरे दम-खम से उतर चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी से भिंड दतिया लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में गांव गांव जाकर लोगों से भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर श्रीमती संध्या राय को भारी बहुमत से विजयी वनाने की अपील कर रहे हैं यहां वता दें कि लहार विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय और लहार विधायक अंबरीष शर्मा का चुनवी प्रचार को लेकर संघन जनसंपर्क चल रहा है इसी जनसंपर्क अभियान में सम्मिलित होकर युवा नेता रणविजय सिंह भी अपना सराहनीय योगदान देते देखे जा रहे हैं और अपने समर्थकों से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं उनकी विनम्र अपील का लोगों पर गहरा असर पड रहा है और वडी संख्या में लोग भाजपा को वोट देने का संकल्प ले रहे हैं लहार विधानसभा में लोकप्रिय यूवा नेता रणविजय सिंह के हजारों की संख्या में में समर्थक और शुभचिंतक हैं जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का परचम फहराने में महात्वपूर्ण भुमिका निभाई थी अब फिर वही लोग अपने चहेते नेता के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लागा रहे हैं लहार विधानसभा के ग्राम मसेरन,जैतपुरा,जमुहां,आदि गांवों में हुये जन सम्पर्क में ग्रामिणो ने अपने लाडले विधायक अंबरीष शर्मा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय एवं यूवा नेता रणविजय सिंह का वडी आत्मियता से स्वागत किया ग्राम जमुहा में वरिष्ठ समाजसेवी लायक़ सिंह कुशवाहा ने अपने लाडले विधायक अंबरीष शर्मा को चांदी का मुकुट पहनाया वहीं ग्राम सरपंच श्रीमती ममता कुशवाहा ने भी श्रीमती संध्या राय का चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया ग्रामीणों ने भी फुल मालाओं से किया स्वागत सत्कार,हाथ उठाकर लोगो ने लिया भाजपा को जिताने का संकल्प

## जीव प्रेमी अमन सिंह राजावत ने राष्ट्रीय पक्षी मोर की बचाई जान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार थाना अंतर्गत ग्राम गणेशपुरा में एक मोर रोड के वगल से निकल



रही थी जिसे अनियंत्रित वहान ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था स्थानीय निवासी गौसेवक जीव प्रेमी अमन सिंह राजावत ने जब घायल मोर को तड़पते देखा तो उसको उठा कर लाये उसके उपचार एवं रखरखाव की व्यवस्था के लिए वन विभाग को सुचना दी मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने घायल मोर को अपनी सुपुर्दगी में लिया अब वन विभाग द्वारा उक्त घायल मौर का उपचार करवाकर देखरेख की जा रही है अमन सिंह राजावत की सक्रियता के चलते घायल मोर की जान बच गई

## लोकसभा चुनाव में सुरक्षा,व्यवस्था के लिये लहार पहुंचा सीआरपीएफ बल

### लहार थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा ने पुलिस स्टाप सहित किया ग्राउंड वेलकम

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

*लहार..लहार क्षेत्र में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए नगर लहार में सीआरपीएफ बल का आगमन हुआ,लहार थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा द्वारा अपने बल सहित सीआरपीएफ की चार्ली 123 कंपनी



का फूलमालाओं से किया स्वागत सत्कार किया,थाना प्रभारी लहार रविंद्र शर्मा के साथ थाना लहार से उप निरीक्षक ध्यानेंद्र, सुरेश मिश्रा, आर जयकुमार,महेश, अक्षय, अमित, अजय, श्याम,विशाल अरविंद ने स्वागत कर चुनाव संबंधी पृष्ठ भूमिका की चर्चा की।।*

# कांग्रेस ने भगवान श्रीराम का निमंत्रण ठुकराया, अब देश कांग्रेस को ठुकराएगा: डॉ. मोहन यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बैतूल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दुर्गादास उइके के समर्थन में घोड़ाडोंगरी विधानसभा के मलाजपुर, देवास-शाजापुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी के समर्थन में कालापीपल विधानसभा के पोलायकला एवं राजगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के समर्थन में सुसनेर विधानसभा के सुसनेर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव देश में सुशासन, उन्नति, प्रगति लाने के साथ ही देश से अत्याचार, आतंकवाद, नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का चुनाव है। यह चुनाव मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण को मुस्कान देने का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी ने तो भगवान श्रीराम के आमंत्रण को भी ठुकरा दिया था और अब देश की जनता कांग्रेस को ही ठुकरा देगी।



**कांग्रेस ने किए कई पाप, अब अंत करने का समय है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से शिशुपाल की 100 गलतियों के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से उसका अंत किया था, उसी प्रकार अब देश से कांग्रेस पार्टी के अंत करने का भी समय आ गया है। कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर अब तक कई महापाप किए हैं। सबसे पहले तो कांग्रेस ने देश के बंटवारा का कलंक अपने माथे पर लिया। उसके बाद देश के आदिवासियों, दलितों, गरीबों के साथ कई अत्याचार करने का महापाप भी कांग्रेस ने किया था। आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस पार्टी ने वर्षों देश की सत्ता पर राज किया, लेकिन वे भगवान श्रीराम को गर्भगृह में विराजमान नहीं करवा पाए। इसके बाद जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान श्रीराम को गर्भगृह में विराजमान करवाया तो कांग्रेस ने उनका यह आमंत्रण भी ठुकरा दिया। कांग्रेस के भी पापों का घड़ा भरा गया है और अब समय आ गया है कि कांग्रेस पार्टी का देश से पूरी तरह सफाया हो।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भगवान श्रीराम के अस्तित्व का पूछ रही है। देश के बच्चे-बच्चे को पता है कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था, लेकिन कांग्रेस के लोगों को यह नहीं पता है कि भगवान श्रीराम का जन्म कहां हुआ था। वे उनका अस्तित्व पूछ रहे हैं। अयोध्या के श्रीराम मंदिर के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया तो देश के क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सभी ने उसे स्वीकार किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सबसे ज्यादा अड़ंगे लगाए। उनके मिस्टर बंटाढार ने तो कई उलटी-सीधी बयानबाजी की। वे तो आतंकवादियों को भी 'जी' कहकर संबोधित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में पहली बार देशवासियों का वोट मोदी को मिला तो देश से आतंकवाद खत्म हो गया। इसके बाद वर्ष 2019 में दोबारा वोट दिया तो भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई और अब वे अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। इस बार का वोट मथुरा को जाना चाहिए। अब भगवान श्रीकृष्ण भी मुस्कुराने वाले हैं। एक तरफ जहां भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है तो वहीं अब आने वाले समय में मध्यप्रदेश की धरती पर जहां-जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन प्रत्येक स्थानों को तीर्थ स्थल बनाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि एक बनो, श्रेष्ठ बनो, आगे बढ़ो, सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास... ये प्रधानमंत्री मोदी के मूल मंत्र हैं। इसी मूलमंत्र को लेकर वे देश की सेवा कर रहे हैं। ये बीजेपी के प्रति सबका अटूट प्रेम है, जो बार-बार यहां खिंचकर लाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं रखी। इससे पहले 2003 से 2013 तक 10 साल कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन उन्होंने अच्छे कामों में अड़ंगे लगाए। स्व. अटलबिहारी वाजपेयी के समय में जो काम शुरू हुए थे उन कामों को भी कांग्रेस ने वहीं रोक दिया था। प्रधानमंत्री सड़क योजना स्व. अटलजी की सरकार में शुरू हुई थी, लेकिन कांग्रेस ने इस योजना को भी नहीं चलाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के सनातन धर्म और हमारी संस्कृति की पताका दुनिया में फहराना है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार जुटे हुए हैं। अब वह समय आ गया है, जबकि सनातन धर्म का डंका पूरी दुनिया में बजने वाला है। कोविड के कठिन काल में जिंदगी के लाले पड़े थे, दुनिया में हाहाकार मचा था। इसके बाद भी अगर आज हम बचे हैं, तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है, जिन्होंने देश में ही कोविड के टीके बनवाकर देशवासियों की जान बचाई। उस कठिन काल में भी एक घर को निःशुल्क राशन दिया।

**मुख्यमंत्री पहुंचे स्व. शालिगराम तोमर के निवास**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शाजापुर जिले के ग्राम पोलायकला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्रद्धेय स्व. शालिगराम तोमर के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की ओर भोजन किया। मुख्यमंत्री ने नलखेड़ा स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी देवी के दर्शन व पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना भी की। घोड़ाडोंगरी में आयोजित जनसभा के दौरान क्षेत्र के आदिवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बैलगाड़ी की प्रतिकृति भेंट की।

# मोदी की गारंटी देश के हर नागरिक के लिए है- अभय चौधरी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर मोदी जी की गारंटी देश के हर नागरिक के लिए है। मोदी जी की आयुष्मान योजना का पहले प्रत्येक नागरिक को लाभ मिल रहा था लेकिन अब 70 वर्ष के ऊपर वाले लोगों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के 70 वर्ष की आयु पार कर चुके बुजुर्गों के लिए पांच लाख तक के इलाज की सुविधा देने का वादा किया है। इस योजना में सभी वर्गों और सभी आय वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। उक्त बात रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने मोदी जी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी इसी तरह देश कहर नागरिक को मिलती रहे।



इस लोकसभा चुनाव में हम मोदी जी के साथ खड़े हैं और इस चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताकर एक बार फिर श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे।

**श्री जगदीश राय और श्री गार्डन राय आज पुन: भाजपा में हुए शामिल**


पिछले विधानसभा में भाजपा से अलग हुए श्री जगदीश राय एवं श्री गार्डन राय रामराज्य से प्रेरित होकर आज मोदी हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी में पुनः शामिल हो गये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने उन्हें भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें भाजपा परिवार में शामिल करते हुए खुशी जाहिर की उन्होने आप दोनों तो पहले से ही परिवार के सदस्य हैं कुछ समय के लिए अलग रहते हुए आज फिर परिवार के बीच आ गये हैं ये बहुत ही खुशी की बात है। आप दोनों के पुनः परिवार में शामिल होने से निश्चित ही पार्टी को लाभ होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, जिला महामंत्री श्री विनय जैन, श्री अशोक जादौन, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्री रिन्कू परमार, श्री विरजू शिवहरे, श्री दीपक पमनानी, श्री भारत शाक्य, श्री मुलायम सिंह यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत माणकसर में एक घर से लाखों के जेवरात चोरी करने के आरोपी पुलिस की पकड़ से कोसो दूर

**वारदात के बाद बाइक पर भागते हुए दो लोगो की तस्वीर सीसीटीवी में हुई कैद**

सुरतगढ़ । (मदनलाल पण्डितांवाली)

शहर में सक्रिय चोरों को खाकी का जरा सा भी डर भय नहीं है। बेखौफ चोरों ने सूरतगढ़ शहर के निकटवर्ती गांव मानकसर में गत 22 अप्रैल को सुबह 11ः00 बजे मकान मालिक दिलीप कुमार नायक के घर चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और अलमारी में रखे लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। मकान मालिक घटना के वक्त मजदूरी करने गए थे । परिवार के अन्य सदस्य भी घर पर नहीं थे । जब घर के सभी सदस्य दोपहर बाद घर लोटे तो देखा अलमारी का लॉक टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ मिला । चोरी की सूचना दिलीप कुमार द्वारा जरिए दूरभाष सिटी पुलिस थाना सूरतगढ़ को दी गई, सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच छानबीन की । पुलिस ने मकान मालिक की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है ।भले ही सीसीटीवी में बाइक पर भागते हुए की तस्वीर चोरों की सामने आ गई हो लेकिन सात दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस इन चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई।आखिर कब तक हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेगी सिटी पुलिस जब सीसीटीवी फुटेज में दो अज्ञात लोगों की तस्वीर सामने आ गई तो पुलिस की गिरफ्तारी से कोसो दूर क्यों है मुलजिम ? अब देखना ये है की कितनी सक्रिय होकर सूरतगढ़ शहर पुलिस घटना को अंजाम देने वाले बदमाश लोगो तक कब पहुंचेगी ।



# नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**आपसी समझौतों से विवादों का किया जायेगा निराकरण**

**ग्वालियर।** प्रदेश में नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई, 2024 को उच्च न्यायालय परिसर जबलपुर और उच्च न्यायालय की ग्वालियर व इंदौर खण्डपीठ में आयोजित होने जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में विधि-विधायी विभाग द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव को पत्र लिखा गया है।

# प्रतिबंध के बावजूद नलकूप खनन की जुर्रत करना भारी पड़ा

**बोरिंग मशीन जब्त, कानूनी कार्रवाई भी की गई**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र

ग्वालियर -/- जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध के बावजूद बोरिंग की कोशिश करना मशीन मालिक व खनन कराने वाले को भारी पड़ा है। राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर बोरिंग मशीन जब्त कर ली है। साथ ही संबंधित के खिलाफ अन्य कानूनी कार्रवाई की गई है।



एसडीएम भितरवार श्री डी एन सिंह ने बताया कि बीते रोज भितरवार जनपद पंचायत के ग्राम किठोंदा में मशीन से नलकूप खनन शुरू करने की सूचना मिली थी। इस पर तत्काल कार्रवाई की गई। राजस्व व पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर बोरिंग मशीन को जब्त कर लिया। मशीन को पुलिस थाने की सुपुर्दगी में रखवाया गया है।

ज्ञात हो गर्मी के मौसम में जल स्तर बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लागू है।

(लोकसभा फर्रुखाबाद का इतिहास)

# क्या सपा प्रत्यासी भाजपा की हैट्रिक रोकने में सफल होंगे ?

## भाजपा विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर

*(यूपी हैड देवेंद्र शर्मा देवू की कलम से)*

पतित पावनी गंगा के तट पर बसे फर्रुखाबाद जनपद की 40 लोकसभा को यदि पवित्र तीर्थ स्थलों का जनपद कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।क्योंकि सतयुग,द्वापर,त्रेता युग की याद ताजा करने वाली कम्पिल नगरी ऐतिहासिक नगरी है।यहीं पर जैन समाज के भगवान का भी प्रादुर्भाव हुआ,इसीलिए कम्पिल जैन तीर्थ स्थली के नाम से भी प्रचलित है।साथ ही बौद्ध धर्म के अनुयाइयों का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल संकिसा भी फरुर्खाबाद जनपद के गौरव की गाथा गाता है।आजादी के बाद प्रथम लोकसभा चुनाव1952-62 तक यहाँ से मूलचंद दुवे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से सांसद बने।1962 के लोकसभा चुनाव में यहाँ से लोहियावादी अवधारणा के प्रेरणा श्रोत डॉ0राम मनोहर लोहिया ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से चुनाव लड़ा और जीत दर्जकर सांसद बने।तदोपरांत1967 से 1971 तक कांग्रेस पार्टी से अवधेश चन्द्र सिंह राठौर ने सांसद बनने का गौरव हासिल किया।कांग्रेस द्वारा लगाई गई इमरजेंसी काल मे जनता द्वारा 1977 को जनता पार्टी के प्रत्यासी दयाराम शाक्य को सांसद बनाकर संसद भेजा।1984 को यहाँ से सलमान खुर्शीद कांग्रेस के टिकिट पर जीत दर्जकर सांसद बने।1989 में जनता दल के प्रत्यासी पत्रकार




संतोष भारती यहाँ से सांसद बने।1991के लोकसभा चुनाव में यहाँ से कांगेस के सलमान खुर्शीद पुनः सांसद बने।1996 में भाजपा ने यहाँ से साक्षी महाराज को टिकिट दी उन्होंने यह सीट कांग्रेस से छीन कर भगवा लहराया।1999 से 2904 तक समाजवादी के प्रत्याशी चन्द्र भूषण सिंह मुन्नू बाबू ने यह सीट भाजपा से छीनकर इतिहास रचा।2009 में एक बार फिर सलमान खुर्शीद ने यहाँ कांगेस को जीत दिलाई।2014 से वर्तमान तक यहाँ से भाजपा लहर और मोदी जी की सबका साथ सबका विकास वाली नीति पर जनता द्वारा भाजपा के मुकेश राजपूत को दो बार सांसद बनाकर एक नया इतिहास रचा।2024 के लोकसभा चुनाव में जहाँ भाजपा राम मंदिर और देश के किए गए विकास के अलावा, प्रधानमंत्री आवास,उज्वला योजना, शौचालयों,कोरोना काल,आदि के वायदों के साथ अंतराष्ट्रीय स्तर पर विश्व मे भारत का डंका बजाने वाले ओजस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी की शान में कशीदे पढ़ते हुए जनता से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं।वहीं जनपद की पांचों विधानसभा सीटों अमृतपुर,फरुर्खाबाद,कायमगंज भोजपुर अलीगंज पर भाजपा का कब्जा है। इन विधानसभा के पांचों विधायकों मेजर सुनील दत्त,दुवेदी,सुशील शाक्य, ठा0नागेंद्र सिंह राठौर,डॉ0सुरभि गंगवार,ठा0 सत्यपाल सिंह राठौर, के अलावा मुख्यमंत्री योगी जी की भी इस लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ साथ प्रदेश नेतृत्व की पूरी निगाह फरुर्खाबाद लोकसभा पर टिकी हुई हैं।इधर समाजवादी पार्टी ने अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त केंसर सर्जन डॉ0नवल किशोर शाक्य को पीडीए के समीकरण के साथ मैदान में उतार कर लोकसभा फरुर्खाबाद के चुनाव को रोचक बना दिया है।यहाँ यह कहना बिल्कुल सार्थक होगा कि यहाँ के लड़ने वाले प्रत्याशियों को अंर्तकलह का भी सामना करना पड़ रहा है।अब देखना यह है कि भाजपा प्रत्यासी मुकेश राजपूत यहाँ से तीसरी बार जीतकर हैट्रिक लगा पाएंगे।या सपा प्रत्यासी डॉ0नवल किशोर शाक्य उनकी हैट्रिक रोकने में सफल होंगे।इसका निर्णय चुनाव परिणाम पर निर्भर होगा।



# सपा लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया

### जगह-जगह फूल मालाओं से किया गया स्वागत

**केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव**

फर्रुखाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य ने डोर टू डोर जाकर जनता से वोट की अपील की कहां की भारतीय जनता पार्टी सिर्फ झूठ की राजनीति करती है बीजेपी ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया है अगर मैं फर्रुखाबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन में सपा से सांसद चुने गए तो हमारी पहली प्राथमिकता गरीब के बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर होगी और अपना पूरा वेतन गरीब बच्चों की पढ़ाई लिखाई में खर्च करूंगा सपा प्रत्याशी शाक्य ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ किंग चार्ज मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस तथा अमेरिका के शिकांगो से कैंसर सर्जन फैलोशिप की शिक्षा दीक्षा पाने के साथ ही अपने आप को साधारण परिवार गरीब किसान का बेटा बताते हुए कहा कि फर्रुखाबाद डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की कर्मभूमि एवं प्रमुख संस्था भगवान बुद्ध हमारे प्रेरणा स्थल है फर्रुखाबाद लोकसभा के गरीब माता-पिता जो अपने गरीब बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में असमर्थ हैं मेरी पहली प्राथमिकता गरीब बच्चों को पढ़ाने की होगी नवल किशोर शाक्य ने घर-घर जाकर के माता बहनों बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर के कहां की भाजपा सरकार सिर्फ झूठ की राजनीति करके नौजवान युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करती है भारतीय जनता पार्टी सिर्फ नौजवान साथियों के साथ में छलावे कि राजनीति करती है मैं वचन देता हूं कि मुझे अगर मौका मिला तो नौजवानों का रोजगार दिलाने का काम करूंगा इस अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, नदीम फारुकी, रामकिशोर यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख अलीगंज, सुनील कटियार, अमित कुमार, पुष्पेंद्र यादव उर्फ सीटू, मुकेश यादव, के अलावा सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ता और माता बहने नौजवान उपस्थित रहे।




## सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने नवाबगंज में चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

फर्रुखाबाद लोकसभा प्रत्याशी के लिए अमृतपुर विधानसभा की जनता ने भरी हुंकार डॉ नवल किशोर शाक्य ने नवाबगंज में चुनाव कार्यालय का विधि विधान से किया भव्य उद्घाटन चारों तरफ जिंदाबाद के नारों से गूंजा नवाबगंज सपा प्रत्याशी को जिताकर के संसद भेजने का दिया आश्वासन डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहा कि मैं बेटा बनकर आए हैं और जनता की सेवा का फर्ज निभाएंगे उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो दिखा देंगे की नेतृत्व किसे कहते हैं और सांसद का क्या सेवा करते करने का कर्तव्य होता है पूरे क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी फर्रुखाबाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाले जितने भी विधानसभा और गांव हैं उन सभी गांव की जनता नौजवान भाइयों बहनों माताओ और अपने पिता तुल्य बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए यह आपका बेटा आपके बीच आया है अगर आप लोग आशीर्वाद देने का काम करेंगे तो मैं भी अपना फर्ज निभाने का काम करूंगा डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने नवाबगंज की जनता का आशीर्वाद लिया और कहा कि 10 सालों में भाजपा ने सिर्फ कागजों में काम किया है धरातल पर नहीं अगर मुझे सेवा का मौका मिला तो मैं सभी कार्यों को धरातल पर करके दिखा दूंगा और नौजवान साथियों को रोजगार दिलाने में महिती भूमिका अदा करूंगा इस अवसर पर फर्रुखाबाद जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, नदीम फारुकी, विनीत कुशवाहा, प्रियंका शाक्य,अर्चना रावत, के अलावा सैकड़ो कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

**अमृतपुर विधानसभा में ठाना है नवल किशोर शाक्य को सांसद बनना है**

## अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने धूम धाम से मनाया अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन

**केसरिया हिंदुस्तान सलमान अहमद ब्यूरो फर्रुखाबाद**

फर्रुखाबाद, शमसाबाद अपना एस दल की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल का 43 वां जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ ने केक काटकर एक दूजे का मुंह मीठा कराते हुए उनकी लंबी उम्र ब उत्तम स्वास्थ्य की कामनाओं के साथ बहिन अनुप्रिया पटेल जिन्दाबाद के नारे भी लगाए,तथा उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश भी डाला, जानकारी के अनुसार रविवार को अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्षता एवं केंद्रीय मंत्री बहन अनुप्रिया पटेल का 43 वां जन्मदिन जिसे जनपद के कस्बा फैजबाग में स्थित एक ढाबे पर मौजूद पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया बताते हैं कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जन्म दिवस पर केक काटा गया तथा एक दूजे को खिलाकर मुंह मीठा कराया साथ ही बहन अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए उनके दीर्घायु होने की कामनाएं की, इस मौके पर अपना दल एस के प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार,जिला पंचायत सदस्य कुंवरजीत सिंह उर्फ जीतू भैया,सुबोध गंगवार,सौरभ गंगवार,अजीत पटेल,संदीप कुर्मी,ललित पटेल,साकेत गंगवार, नितिन गंगवार,वतन गंगवार,राजेश गंगवार, सुनील कुमार राजपूत,अंकित गंगवार,सुमित गंगवार,नितिन गंगवार,नवनीत सैनी, प्रसून गंगवार,अबिनेंद सिंह गंगवार सहित तमाम पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# चुनाव आयोग के नोटिस पर सरोज पांडेय ने दिया विवादित बयान, आरोप प्रत्यारोप के जुबानी जंग में लोकसभा कोरबा की राजनीति अस्त व्यस्त? प्रचार प्रसार में मदमस्त भाजपाई क्यों भूल बैठे चुनाव आयोग के सारे नियम कायदे?

***कांग्रेस का भाजपा पर आरोप क्या सच में था निराधार? या लोकसभा कोरबा क्षेत्र में भाजपा के ही कार्यकर्ता सरोज पांडेय की नैया डुबाने का कर रहे हैं काम?***

***ना केवल विधानसभा मनेंद्रगढ़ मगर विधानसभा भरतपुर सोनहत एवं विधानसभा बैकुंठपुर क्षेत्र में भी छाया भाजपा में गुटबाजी का आलम- सूत्र***

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

एमसीबी। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को नोटिस जारी करने पर मानों कोरबा लोकसभा अंतर्गत सभी क्षेत्रों में भाजपा की राजनीतिक गतिविधियों पर ना केवल ब्रेक लगा मगर इसके साथ ही एक बड़ा झटका भी भारतीय जनता पार्टी को लगा है, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों के प्रचार प्रसार के लिए जो तमाम नियम कानून लागू किया था, जिला एमसीबी के कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के दिए गए बयान के अनुसार भाजपा कहीं ना कहीं खुद को सर्वे सर्वा मान बैठीं थी, पार्टी के जीत का परचम लहराने के लिए सक्रिय होना तो ज़रूरी है मगर भाजपा का अति उत्तेजित होना भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय पर ही भारी पड़ गया जब सरोज पांडेय को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया, चुनाव आयोग के नोटिस जारी किए जाने पर सरोज पांडेय से मीडियाकर्मियों ने बातचीत कर उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही, जिस पर सरोज पांडेय ने कांग्रेस पार्टी पर सीधा आरोप लगा डाला कि कांग्रेस पार्टी जब सीधे तौर पर लड़ नहीं पाती तब इस तरह के निराधार आरोप लगाती है और कांग्रेस पार्टी तो हमेशा से ही धर्मविरोधी पार्टी रही है, भाजपा प्रचार प्रसार में सक्रिय हैं मगर कांग्रेस ना केवल इस क्षेत्र में मगर पूरे देश में ही कांग्रेस निष्क्रिय है, आम लोगों के बीच कुछ ऐसी भी बातें चल रही हैं कि बिल्कुल ऐसा ही हाल विधानसभा बैकुंठपुर क्षेत्र का भी है जहां गुटबाजी का आलम तो विधानसभा चुनाव के दौरान भी देखा गया था, एक नहीं कई गुटों में भाजपा नज़र आई थी, जिसकी तमाम खबरें क्षेत्र के कई न्यूज़ संस्थानों द्वारा भी प्रकाशित की गई थी, और अब भी हाल कुछ ऐसा ही है, विश्वस्त सूत्रों की मानें तो भाजपा के स्थानीय नेताओं की व्यस्तता इन दिनों कोरबा से आए भाजपा के दिग्गज नेताओं की जीहुजूरी में ही बढ़ चुकी है, चुनाव जीतने के पैंतरों में बैकुंठपुर भाजपा के बड़े पदाधिकारी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रचार प्रसार में कम मगर इन बड़े नेताओं की जीहुजूरी करने और इनके सेवा सत्कार करने में भिड़ाने में लगी है?








हालांकि सरोज पांडेय के बयान के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार वर्तमान समय में नाम मात्र या निष्क्रिय ही क्यों नज़र आ रहा इसका जवाब भी क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के पास ही किसी खज़ाने की तरह छुपा हुआ है?

कांग्रेस पर निशाना साधने में विलीन हो चुकीं सरोज पांडेय ने इस बात पर नज़र नहीं डाला कि जहां एक तरफ वो बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की कथा सुनने में व्यस्त थी, उनके ही पार्टी के लोगों ने वहां आए श्रद्धालुओं एवं आम लोगों के गले में पुष्प माला तो नहीं मगर कमल फूल छपे हुए बीजेपी पार्टी का गमछा पट्टा डाल दिया और पर्चा भी बांटने में मग्न हो गए। इसे चुनावी प्रचार प्रसार ना कहा जाए तो? आखिर क्या कहा जाए?

सरोज पांडेय ने मीडियाकर्मियों के सामने अपनी बातें रखते हुए आगे यह भी बताया कि जिला एमसीबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के शिकायत पत्र के आधार पर उन्होंने ना सिर्फ भाजपा का विरोध किया मगर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। जब सरोज पांडेय से मीडियाकर्मियों द्वारा प्रचार प्रसार पर सवाल किए गए तब उन्होंने बड़ी ही सरलता से इस मामले पर अपना बयान दिया कि चुनाव आयोग के नोटीस का हम जवाब दे देंगे, मानों भाजपा के लिए ये कोई आम सी बात हो? विधानसभा चुनाव के दौरान विधानसभा भरतपुर सोनहत की विधायक रेणुका सिंह द्वारा एक बयान दिया गया था कि यदि भाजपा की सरकार बनती है तो चांदबखार को जिला बनाया जाएगा, जिस पर सरोज पांडेय ने स्पष्ट कह दिया कि कांग्रेस के समय में जो नवीन जिले बने हैं, उन क्षेत्रों में पहले विकास हो, क्योंकि उन जिलों में विकास नहीं हुए हैं, क्या सरोज पांडेय का यह बयान इस बात की ओर इशारा नहीं करता कि जिस तरह से कांग्रेस शासनकाल में नए जिले बना तो दिए गए मंगर विकास की गंगा नज़र नहीं आई उसी तरह भाजपा सत्ता की चाह में अपने वोटरों को अपनी तरफ खींचने के लिए विकास पर ध्यान बाद में देती है मगर उन्हें लाभान्वित करने के लिए नाना प्रकार के वायदे पहले कर बैठती है? सही किसे माना जाए? रेणुका सिंह को या फिर सरोज पांडेय को जो एक ही पार्टी के दिग्गज चेहरे हैं?

इन सब राजनैतिक क्रियाकलापों में कहीं ना कहीं दोनों राजनैतिक दलों के बीच छिड़े आरोप प्रत्यारोप के जुबानी जंग में यह साफ नज़र आ रहा है कि अपने कमियों पर त्रुटियों पर ध्यान देने के बजाय दोनों ही पार्टियां मात्र एक दूसरे पर हावी होने के हर संभव प्रयास कर रही हैं, एक तरफ़ सरोज पांडेय ने कांग्रेस के प्रचार प्रसार पर कांग्रेस को ना केवल क्षेत्र में मगर पूरे देश में निष्क्रिय बताया, तो वहीं दूसरी तरफ़ कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए धार्मिक कार्यक्रम की आड़ में ग़लत तरीके से प्रचार प्रसार की बात कही।

# भीड़ जुटाने में भाजपा संगठन के छूटे पसीने, भाजपा की रणनीतियों से ले? कर पदाधिकारियों पर भी उठे सवाल, भाजपा के आपसी मतभेदों का शिकार कहीं देश के प्रधानमंत्री मोदी तो नहीं बन जाएंगेः सुत्र

***देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)***

कोरिया। कोरिया जिले के पटना में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यक्रम में बड़ी मषक्कत के बाद हुई भीड़ ने भाजपा संगठन की लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई जा रही रणनीति की पोल खोल दी है, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तक को इसकी जानकारी हो चुकी है। सूत्र बताते है कि संगठन के कामकाज को लेकर मुख्यमंत्री श्री साय ने भी अपनी कडी नाराजगी व्यक्त की है। वहीं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कोरबा संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याषी सरोज पांडेय ने भी संगठन के लोगों को साफ इषारा कर दिया है, कि मोदी जी का नुकसान उनकी आपस की लडाई में नहीं होना चाहिए, इसका विषेष घ्यान रखे।

शनिवार का दिन पटना का बाजार का दिन होता है, जो जिले का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार के रूप में जाना जाता है, इस दिन मुख्यमंत्री श्री साय की सभा का आयोजन किया गया। तय समय तक 75 प्रतिषत कुर्सियां खाली थी,




मुख्यमंत्री के पटना में उतरने के आधे घंटे बाद वो मंच पर आए तब तक भीड़ हो चुकी थी, दरअसल भाजपा कैडर आधारित पार्टी है, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आई भीड़ की जानकारी रायपुर से हर स्तर पर शीर्ष नेतृत्व ले रहा था, अलग अलग प्रकोष्ठ के प्रदेष अध्यक्ष अपने स्तर पर सभा स्थल का फोटो की मांग कर रहे थे, कार्यक्रम की सारी जानकारी मुख्यमंत्री के पहुंचने के पूर्व ही प्रदेष के नेताओं तक पहुंच चुकी थी, वहीं मुख्यमंत्री के आने के बाद संगठन के लोगों से बात की गयी, लोकसभा प्रत्याषी सरोज पांडेय भाजपा की राष्टीय उपाध्यक्ष है, उन्हें भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यों के तौर तरीके अच्छे से मालूम है, सूत्र बताते है कि उन्होनें महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की गतिविधियों की जानकारी मांगी, पूछा कि संसाधन अभी मुहैया क्यों नहीं कराए गए है, उन्होनें बारी बारी से संगठन के हर स्तर के नेताओं से बात की और आगे बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। वैसे प्रदेष के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहज और अपनी सरलता के लिए जाने जाते है, उन्हें जानने वाले बताते है कि उन्हें गुस्सा काफी कम ही आता है परन्तु सूत्र बताते है कि कल पटना की जनसभा को लेकर वो काफी नाराज दिखे, सूत्र यह भी बताते है कि इससे पूर्व आचार संहिता लगने के ठीक एक दिन पहले मनेन्द्रगढ में एक अधिकारी की नियुक्ति को लेकर भी वो काफी नाराज हुए थे। वहीं सूत्रों की माने तो लोकसभा प्रत्याषी सरोज पांडेय ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को चार्ज किया, कहा कि अब वो कोरिया भाजपा को लेकर एलर्ट मोड में काम कर रही है, उन्होनें सभी को उनसे सीधे संपर्क में रहने को कहा।

# भव्य कलश यात्रा के साथ सीधी हॉस्पिटल व्यंक्तेश्वर भवन में श्री बाल्मीकि कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

### पं. सुरेश दास जी महराज (चित्रकूट) धाम के अमृत वचनों का करें रसपान : डॉक्टर एच के तिवारी ,श्रीमती कुसुमलता तिवारी











**सीधी ब्यूरो संजय शुक्ला**

बीते रविवार को सीधी शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा सेवा प्रदाता संस्थान सीधी हॉस्पिटल व्यंकटेश्वर भवन के संस्थापक एवं जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एच के तिवारी के जनसेवा संस्थान में श्री बाल्मीकि कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भव्य कलश यात्रा आयोजित कर शुभारंभ किया गया जिसमें डॉक्टर एच के तिवारी सहित उनके संपूर्ण पारिवारिक सदस्य ÷धर्मो रक्षित रक्षितः÷ को चरितार्थ करते हुए उपस्थित हुए कलश यात्रा में पंडित सुरेश दास जी महाराज चित्रकूट धाम की गरिमामय उपस्थिति में शहर के गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना कर कलश यात्रा यज्ञ शाला स्थान सीधी हॉस्पिटल व्यंकटेश्वर भवन में श्री बाल्मीकि कथा ज्ञान यज्ञ की बैठकी हुई। उक्त नौ दिवसीय श्री बाल्मीकि रामायण कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन में सीधी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आर के तिवारी, डॉ. श्रीमती प्रभावती तिवारी ने अपने तमाम इष्ट जनों से आग्रह किया है कि पं. श्री सुरेश जी महाराज (चित्रकूट) के अमृत वचनों का रसपान करें। कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त करें साथ ही कथा व्यास पंडित सुरेश दास महाराज (चित्रकूट धाम)ने बताया की श्री बाल्मीकी कथा वेद और उपनिषदों का सार है, और सकल शास्त्रों का फल है, श्री बाल्मीकी कथा का सेवन श्रवण एवं आस्वादन करने से ही हरिः हृदय में आते है। श्री बाल्मीकी कथा का महात्म्य अतुलनीय एवं अवर्णनीय है।

उपरोक्त धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से वेंकटेश तिवारी,गौरी तिवारी,डॉ. सुधा तिवारी,डॉ. डी.के तिवारी,डॉ. प्रभावती तिवारी,डॉ. आर.के. तिवारी,श्री चिंतामणि तिवारी, ईश्वर चंद्र तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, राजेंद्र तिवारी, रोहिणी तिवारी, महेंद्र तिवारी, रावेंद्र तिवारी, सतीश तिवारी, अंबरीश तिवारी, रमेश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, वरींद्र, अरविंद, अशोक, रामायण, कौशलेंद्र, राजेश्वर, मनोज कुमार, पवन,सच्चिदानंद,राजेश,सुशील,सुधीर,अखिलेश,बृजेश,उमेश ,अनिल,रणधीर,प्रवीण,सुनील,जितेंद्र,राजीव,रवि,गिरिजेश,प्रदीप,राही,मुकेश,पंकज,अभिषेक, डॉ. श्रीमती सुधा -डॉ. डी. के तिवारी, श्रीमती हेमलता-श्री प्रदीप, श्रीमती स्नेहलता-डॉ. दीनानाथ, श्री सपत्नीय बी.पी. मिश्रा, श्रीमती कृष्णा डॉ. पी.एन गर्न डॉ. विद्या गर्ग- डॉ. शशिधर, डॉ. शैलजा, डॉ. आशुतोष, डॉ. नीतू असि. डाय. चित्रेन्द, डॉ. अंजली डॉ. प्रशान्त, डॉ. आयुषी डॉ. हिमांशु, डॉ. देवांशु, डॉ. शिवांशु, पंकज, डॉ. नीरज, अमित कुमार, कौशिक कुमार, कुणाल, आलोक, डॉ. किशन, इंजी. स्मिता-इंजी. प्रतीक, इंजी शुभम, राम, प्रियांश, पृथु, संजू तिवारी, विकाश चतुर्वेदी,एवं तमाम धार्मिक आस्था से ओत प्रोत महानुभाव उपस्थित रहे।

## रामपुर पटेहरा में गली.गली में बिक रही कच्ची शराब, आबकारी विभाग कर रहा कार्रवाई से परहेज



**सीधी।**

आबकारी विभाग की लचर व्यवस्था के चलते जिले में इन दिनो देशी विदेशी शराब की अवैध विक्री जोरों पर है। स्थानीय ग्रामींणो के द्वारा की गई शिकायत के बाबजूद विधिक कार्रवाई से परहेज लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखिए न जिला मुख्यालय से सटे गॉव रामपुर पटेहरा के हरिजन बस्ती एवं जायसवाल बस्ती सहित अन्य गॉवों के गली.गली में बिक रही कच्ची शराब पर अंकुश लगाने की हिम्मत आबकारी विभाग नही जुटा पा रहा है। नशे के चल रहे अवैध व्यापार में कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व में कई बार सराहनीय कार्रवाई की जा चुकी है।

जिले के ग्रामींण अचंलो एवं शहर के सटे गांवों में कच्ची शराब बनाने का धंधा कुटीर उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। शराब की ब्रिकी से न केवल परिवार में लड़ाई.झगड़े हो रहे हैं। बल्कि आसपास का माहौल भी खराब होने लगा है। इससे आसपास के लोग परेशान है। ग्रामींण क्षेत्रों मे होने वाले ज्यादातर अपराधों की मूल वजह कहीं न कही मदिरा का सेवन सामने आता रहा है। जिसकी पुष्टि पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना के दौरान भी उजागर होने की बात कही जा रही है। कच्ची शराब बनाने वाले इलाकों में आए दिन मारपीट और महिलाओं से संबंधी अपराधों में वृद्धि दर्ज हो रही है। कई ग्रामींण क्षेत्रो की प्रमुख समस्या अवैध कच्ची शराब का निर्माण और बिक्री ही है। युवाओं और बुजुर्गों के अलावा बच्चों को भी शराब अपनी जद में ले रही है। आलम यह है कि यहां के लगभग हर दूसरे घर में आसानी से कच्ची शराब मिल जाती है। ग्रामींणो ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पटेहरा के हरिजन बस्ती एवं जायसवाल बस्ती में इन दिनों लगभग हर दूसरे एवं तीसरे घर में कच्ची शराब बनाई जा रही है। यहां शाम ढलते ही बड़ी संख्या में लोग शराब पीने पहुंच रहे है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी वीरेन्द्र जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। श्री जोशी ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा।










केसरिया हिन्दुस्तान

# गौभक्त स्व सुरेंद्र जैन एवं स्व आकाश सक्सेना की स्मृति में हुई भजन संध्या और नुक्कड़ नाटक





**ग्वालियर।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के परम भक्त स्वर्गीय श्री सुरेंद्र जैन एवं गौ भक्त स्वर्गीय श्री आकाश सक्सेना की पुण्यतिथि के अवसर पर लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में भजन कीर्तन सत्संग एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन भक्तों के द्वारा किया गया।

लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला में भक्तों द्वारा रविवार की शाम को स्व श्री आकाश सक्सेना एवं स्वर्गीय श्री सुरेंद्र जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया । इसमें बड़ी संख्या में माता एवं बहनों ने भाग लिया। इसके बाद संत श्री ऋषभदेवानंद महाराज ने सत्संग में बताया कि जो मनुष्य गौ सेवा जैसा पुण्य कार्य करता है प्रभु उसे अपने धाम में स्थान देते हैं । यहां जाने के बाद इंसान जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति पा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को एक गौमाता को गोद लेना चाहिए और अगर वहां उसकी देखभाल नहीं कर पाते हैं अथवा उनके घर में स्थान नहीं है तो वहा गौमाता के भरण पोषण का पैसा गौशाला में दान करके इस प्रकार गौ माता को गोद ले सकते हैं । उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में पॉलिथीन का प्रयोग पूर्णता बंद किया गया है और पालीथिन गौ माता के लिए अत्यंत घातक है। हमारे द्वारा से उपयोग कर फैंकी गई पॉलिथीन को गौमाता खा लेती है जो कि उनकी मृत्यु का कारण बनती है । इसलिए हमें पूर्णता पॉलिथीन का उपयोग बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी भक्तों को संकल्प लेना चाहिए कि वह जैसे मंदिर में पैसा दान करते हैं वैसे पैसा वह मंदिर के साथ-साथ गौशाला में भी दान करें। जिससे गौशाला स्वावलंबी हो सके और गौ माता का भरण पोषण अच्छे से हो सके।

इसके साथ ही गौ माता की महिमा पर वर्णित नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

# भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का प्रवास कार्यक्रम

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री 29 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे

ग्वालियर, लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता 29 अप्रैल को प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा मुरैना, केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर एवं केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल गुना, ग्वालियर, भिण्ड व मुरैना लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे।

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा 29 अप्रैल को मुरैना लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा प्रातः 11 बजे जौरा के रावत गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन, दोपहर 3 बजे अम्बाह के रतन वाटिका में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं सायं 5.30 बजे मुरैना के राधिका होटल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

- केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 29 अप्रैल को अशोकनगर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान आप अथाईखेड़ा में नुक्कड़ सभा एवं अशोकनगर में व्यापारी संघ की बैठक को संबोधित करेंगे।

- केन्द्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल 29 अप्रैल को गुना, ग्वालियर, भिण्ड और मुरैना लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। श्री बघेल दोपहर 12.15 बजे गुना लोकसभा की पिछोर विधानसभा के बस स्टेण्ड पर आयोजित जनसभा, दोपहर 1.45 बजे ग्वालियर लोकसभा के डबरा में आयोजित जनसभा, दोपहर 3.15 बजे भिण्ड लोकसभा के मेंहगांव में आयोजित जनसभा एवं सायं 4.30 बजे मुरैना लोकसभा क्षेत्र के पोरसा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

# भाजपालोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सधन जनसंपर्क

सबलगढ़ मुरैना श्यौपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार शिव मंगल सिंह तोमर के लिए शहरतथा गांवौमें सधन जनसंपर्क प्रत्येकमतदाताके घर-घर जाकर किया जा रहा है जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता राजेंद्र मारिया ने कहा कि 7 म ई को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तौमरके पक्ष में कमल के फूल पर अपना मतदान करें भाजपा ही वह पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में अनेको उल्लेखनीय कार्य कियैहे अजब सिंह सिकरवार ने कहा की मोदी के नेतृत्व मेंअयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनवाया जो भारत की अस्मिता का प्रतीक है नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ने कहा कांग्रेस के समय में आतंकी हमारी सीमा में घुसकर हमारे जवानों पर गोली चलाकर उन्हें शहीद होने को मजबूर कर देते थे लेकिन आज मोदी ने जवानों से कहा है की गोली का जवाब तोपों से दिया जावे अब के आतंकी अपने प्राणों की भीख मांग रहे है हमारे प्रदेश के प्रधानमंत्री ने देश के आधारभूत ढांचे का अपेक्षित विकास किया है मोदी सरकार ने लखपति दीदी की योजना चला रही है प्रदेश में लाडली बहनाओं को लगातार राशि उनके खाते में डाली जा रही है नारी सशक्तिकरण योजना से उन्हें स्वाबलंबी बनाया जा रहा है मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाने







का काम किया है डॉक्टर मनु शर्मा ने कहा मोदी सरकार सनातन धर्म को बढ़ावा देने उसके विस्तार के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना को लेकर केंद्र में कार्य कर रही है डॉक्टर मनु शर्मा ने कहा कि लक्ष्य अटल और संकल्प प्रबल और वोट कमल पर बटन दबाकर मुरैना श्यौपुर लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह जी तोमर को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने की अपील की है अवदेश गोयल ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के बल पर मोदी जी देश में जनहितैसी और सुशासन की सरकार चला रहे हैं उनके नेतृत्व में जितने कार्य हुए हैं वह सभी प्रशंसनीय है भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताऔने ग्राम गुललाई किरतपुर रामपहाडी खोह रानी का पुदिराआगांवो में घर-घर जाकर संपर्क किया साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5 ,7,8 ,11 ,12 ,13, 14, 15, में अपने सभी साथियों के साथ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क किया और उन्हें चुनाव चिन्हकमलकाफूल देकर प्रचंड बहुमत से लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंहतोमर को वोट देने की अपील की उनके साथ राजेंद्र मारिया अजब सिंह सिकरवार नगर पालिका अध्यक्ष सोनैराम धाकड़ डॉ मनु शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अशोक गौड़ सत्य प्रकाश गॉड रामकुमार त्यागी राकेश शिव हरे कैलाश चंद भगत जी विजय जादौन अवदेश गोयल अन्नूजादौन पवन राठौर सौरभ सिकरवार रमेश वर्मा सुरेश चंद्र शर्मा मनोज रजक आकाश बिंदल दर्शन सोनी अरविंद मंगल अजय शर्मा संतोष सोनी मोहन पचौरी आदि सैकड़ो लोग भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में लगातार सदन जनसंपर्क कर रहे हैं

# दुपहिया वाहनों की पार्किंग मैं गेट पर होने से अंदर प्रवेश नहीं कर पा रही एंबुलेंस, सिविल अस्पताल में गार्ड नियुक्त होने के बाद भी निभा पा रहे जिम्मेदारी

सबलगढ़ 50 बिस्तर के सिविल हॉस्पिटल मैं वाहनों की पार्किंग अव्यवस्थित होंने से रेफर मरीज नहीं निकल पा रहे हैं। और ना ही इलाज के लिए अंदर आ पा रहे हैं। जिससे गर्मी के मौसम में मरीजों की हालत खराब हो रही है। लेकिन स्वास्थ्य प्रबंधन का कोई ध्यान है। वहीं ड्यूटी गार्ड एमरजैंसी रूम में व्यस्त होंने से अपनी असमर्थता दिखा रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर 12ः00 बजे ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक बढ़ने एवं दुपहिया वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण हालात बेकाबू हो गये। क्योंकि मरीज के अटेंडर होने अपने वाहन में गेट पर ही चारों तरफ खड़े कर दिए। सिविल अस्पताल में से रैफर मरीजों को ले जाने वाली एंबुलेंस एवं अन्य चार पहिया वाहन को बाहर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर एंबुलेंस को अंदर आने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थितियां सिविल अस्पताल में आए दिन बनती रहती है। लेकिन मरीजों को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है। वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित कराने एवं सुरक्षा के लिए दिन व रात्रि में गार्ड नियुक्त किए गए हैं। लेकिन गार्ड अपना कार्य छोड़कर इमरजेंसी ड्यूटी रूम में इंजेक्शन व पट्टी बांधने का कार्य करते हैं। 108 एंबुलेंस चालक ने जब बीएमओ डॉक्टर राजेश शर्मा को फोन कर



स्थिति से अवगत कराया गया। इमरजेंसी रूम से गार्ड निकाल कर बाहर आया और वाहनों को हटवाया गया। जब एंबुलेंस एवं प्राइवेट वाहन अंदर बाहर आ जा सके। मरीज की परिजन कृष्णा चौहान का कहना वाहनों को व्यवस्थित लगवाने की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होती है। किसी भी वाहन को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।गार्ड राहुल का कहना गर्मी ज्यादा होने से अपनी वाइक को कोई व्यक्ति धूप में नहीं लगाना चाहता है जरा सा कहने पर मारने पीटने को तैयार रहते हैं। कल से मैं अपनी व्यवस्था संभाल लूंगा। बीएमओ डॉ राजेश शर्मा का कहना गार्ड राहुल से स्पष्ट शब्दों में कह दिया गया है। एंबुलेंस जैसे आवश्यक वाहनों को आने -आने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## भाजपा के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जी के कार्यक्रम को लेकर S.R.M गार्डन में ब्राह्मण समाज की बैठक सम्पन्न हुई

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह। कल होने वाले माननीय वीडी शर्मा जी अम्बाह आगवन के





कार्यक्रम को लेकर ब्राह्मण समाज वरिष्ठ जनों से चर्चा कर समाज के वरिष्ठ जनों व युवाओ को ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों को लाने के लिए जिम्मेदारियां दी गई बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे समाज के वरिष्ठ जन एवं समाज के युवा साथीगण *निवेदक अखिलेश उर्फ कल्ला शर्मा अध्यक्ष भाजपा नगर मण्डल अम्बाह।

## रविवार को मुरैना नगर मे स्थित वृद्ध आश्रम मे IDA मुरैना ब्रांच द्वारा एक दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

IDA. मुरैना ब्रांच द्वारा निशुल्क दंत चिकित्सा शिवर आयोजित कर 30 द्रष्टि वाधित बच्चो व 15 वृद्ध जनो का दंत परिक्षण किया। मौके पर दंत चिकित्सो ने बच्चो व वृद्धो को दंत रोगो के प्रति जागरूक



किया. जिसमे निशुल्क दवाईयां दुथपेस्ट,दुथ बृश वितरित किए...जिसमे मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष IDA मुरैना डॉ.बलबीर खरे,डॉ.अभिषेक गुप्ता (EC Member),डॉ.अभिषेक अग्रवाल (कोषाध्यक्ष ) डॉ.गिर्राज गौर (CDE) आदि उपस्थित रहे। जिसमें दंत चिकित्सो ने कहा कि इन दिनो बच्चो मे दंत रोग की समस्याऐ बढ़ती जा रही है। बचपन मे ही दांत खराब हो जाते है।बच्चे हो या बड़े सभी को दिनभर मे दो बार दुथबृश करना चाहिए। बच्चो को जंकफूड,चाकलेट, अत्यधिक ठंडी व गर्म चीजों को नही खाना चाहिए। इससे दांतो पर बुरा प्रभाव पड़ता है और दांत व मसूड़े कमजोर पड़ते है।

# विशाल व ऐतिहासिक दंगल का आयोजन थरा में 1 मई को

**संत शिरोमणि बाबा बालक दास जी महाराज के सानिध्य और मार्गदर्शन, बुजुर्ग लोगों की कमेटी द्वारा किया जाएगा आयोजन***

***राज्य व अंतर राज्य स्तर के पहलवान लेंगे हिस्सा***

**10 से लेकर 100000 तक की होती है आखिरी कुश्ती***

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अंबाह/थरा । प्राचीन काल से ही जहां एक और अपनी फसलों से निपटारे के बाद मनोरंजन और अपने दम खम दिखाने के लिए दंगलों का आयोजन किया जाता रहा है जो अभी कुछ हद तक ग्रामीण अंचल में लोकप्रिय मनोरंजन का खेल बना हुआ है।हम आपको बता दें की अंबाह नगर समीपवर्ती ग्राम पंचायत थरा में ऐतिहासिक दंगल का आयोजन बाबा बालक दास जी महाराज के सानिध्य में 1 मई को रखा गया है जिसमें राज्य अंतर राज्य स्तर के पहलवान हिस्सा लेकर अपना दम खम दिखाएंगे जिसमें हम आपको बता दें ?10 से लेकर ?100000



तक की आखिरी कुश्ती होती है बाबा बालक दास जी द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्यों द्वारा बताया गया की कुश्ती का आयोजन 1 मई को दोपहर 2ः00 से किया जाएगा जिसमें ?10 से लेकर ?100000 तक की कुश्ती की जाएगी अतः सभी दंगल प्रेमियों से दंगल में उपस्थित होने की अपील की गई है।




## ग्राम हीरापुर में समूह की दीदियों ने ग्रामीणजनों को मतदान केलिए किया जागरूक

नथमल गुप्ता

-सबलगढ़ /कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार मुरैना में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिये स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत हीरापुर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान केंद्र में सफाई करते हुए शपथ ग्रहण एवं समूह की दीदियों को जागरूक किया गया और उन्हें आओ चले बूथ पर स्वीप सखी एवं स्व सहायता समूह की दीदियों ने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# सबलगढ़ के आदेशानुसार ग्राम पंचायत पिपरघान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

माननीय श्री उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के आदेशानुसार ग्राम पंचायत पिपरघान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमान नितिन सोनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों को विधिक जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजना के अंतर्गत तहसील न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय तक व्यक्ति निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत, स्थाई निरंतर लोक अदालत एवं मध्यस्थता योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए विधिक जागरूक किया।

उक्त आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती मीरा रावत, सरपंच, श्री विष्णु पाठक, पटवारी, श्री रवि शंकर शर्मा, रोजगार सहायक एवं समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# लंबी शिकायत के बाद सी एम ओ के आदेश पर स्टोर इंचार्ज को हटाया

## स्टोर इंचार्ज की पत्नी ने स्वास्थ्य केंद्र पर आकर काटा हंगामा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

झांसी के मऊरानीपुर में शनिवार को स्वास्थ्य केंद्र मऊ रानीपुर में उस समय हंगामा हो गया जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर तत्कालीन स्टोर इंचार्ज फार्मासिस्ट को स्टोर से हटाकर उसे दबा वितरण केन्द्र पर लगा दिया बताया गया है किउपरोक्त स्टोर इंचार्ज पर आरोप है की यह होली ,दीपावली, दशहरा राम नवमी,शिवरात्रि,जलबिहार मेला और राष्ट्रीय त्योहारों सहित जब जब मरीजों की भीलवाड़ा होती हैं तभी यह पर स्टोर रूम का जानबूझकर ताला लगाकर अपने घर झांसी चले जाते है इस संबंध में स्टोर इंचार्ज ने अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया कि वह है हार्ड का पेशेंट है उससे ज्यादा काम ना करवाया जाए। लेकिन अधीक्षक का कहना है की स्टोर इंचार्ज को कई बार बताया गया कि केंद्र पर कई बार इमरजेंसी आती है और ऑक्सीजन सिलेंडर भी खत्म हो जाता है दवाइयां सिलेंडर आदि सामान स्टोर में रखा जाता है स्टोर इंचार्ज की चले जाते के बाद कोई सामग्री उपलब्ध नहीं हो पाती जिसके चलते स्टोर इंचार्ज से कई बार कहा गया कि वह यहीं पर रहकर अपनी ड्यूटी करें लेकिन स्टोर इंचार्ज द्वारा किसी भी बात को नहीं माना जब अधीक्षक द्वारा स्टोर इंचार्ज से कहा की आप अपने किसी साथी कर्मचारी को चाबी दे दे तो जब आपात स्थिति में जरूरत पड़ने पर दवा या समान की मरीजो को प्रॉब्लम न हो सके लेकिन वह नहीं माने मामला मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समक्ष रखा गया जिसे संज्ञान में लेते हुए सीएमओ




ने उसे स्टोर इंचार्ज से हटाकर दबाव वितरण केंद्र पर ड्यूटी लगा दी जिस पर वह भड़क गया और उसके साथ उसकी पत्नी भी अस्पताल परिसर में जा पहुंची और वहां पर उसने हंगामा काट दिया चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आर जे सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश के द्वारा उसे स्टोर इंचार्ज से हटाया गया है उसकी ड्यूटी दबाव बितरण केंद्र की खिड़की पर लगा दी गई जिससे वह परेशान हो गया स्टोर इंचार्ज द्वारा बताया गया था की बह हार्ड और शुगर की बीमारी है जिस पर चिकित्सको द्वारा उसकी जांच कराई गई जिसमें बीपी शुगर आदि रिपोर्ट नॉर्मल निकली और वह दोनों स्वस्थ हैं और बह बीमार होने का नाटक कर रही थी अधीक्षक ने बताया की स्टोर इंचार्ज के खिलाफ मिली शिकायत की प्रभावी जांच भी चल रही है श्याम सिंह के स्थान पर फार्मासिस्ट राजनारायण को स्टोर इंचार्ज बना दिया गया है

### राजनारायणं फार्मासिस्ट को बनाया गया स्टोर इंचार्ज इन्होंने ही की थी स्टोर इंचार्ज की शिकायत मामला पहुंचा था कोतवाली

जानकारी के अनुसार पिछले लगभग दो वर्ष पूर्व अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ रानीपुर को दबा वितरण कर रहे फार्मासिस्ट द्वारा दिनाक़ 7/7/22को दिए आवेदन में उपरोक्त स्टोर इंचार्ज फार्मासिस्ट पर आरोप लगाते हुए बताया था की उसे मरीजों की जरूरत के हिसाब से दबा लेने स्टोर इंचार्ज के पास दबा लेने जाते है तो स्टोर इंचार्ज द्वारा आधी अधूरी एक्सपायर तिथि की दबाई दी जाती हैं न चाहते हुए मरीजों में दबा वितरण करना पड़ता है जब की इमरजेंसी के लिए स्टोर इंचार्ज द्वारा दबा नही दी जाती हैं जिससे कई बार मरीजों केसाथ आए लोगो से भी कहा सुनी हो जाती हैं। मिले शिकायती आबेदन की जानकारी अधीक्षक द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी अवगत कराया गया था लेकिन विभागीय लोगो का कहना है की उपरोक्त स्टोर इंचार्ज के ऊपर किसी सरकार के नेता का आर्शीवाद होने के चलते उसका स्तानांतरण नही हो पाया इसी लिए बह दबंगी से ड्यूटी करता है ।दबा बितरण कर रहे फार्मासिस्ट ने शिकायती पत्र में बताया था की उसके साथ गली गलौज और मारपीट भी की गई जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा थाना मऊ रानीपुर में की थी तथा एक पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी को प्रेषित कर कार्यवाही की मां की गई थी उपरोक्त स्टोर इनचार्च के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से उसके हौसले बुलंद रहते है और बह अपनी मन मर्जी माफक ड्यूटी करता है स्टोर इंचार्ज से तंग आकर अधीक्षक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी को घटना से अवगत कराया गया जिस पर स्टोर इंचार्ज का स्थांतरण हुआ है

# भारी संख्या में प्रदेश भर के संकल्पित कार्यकर्ता शरीक

### भाजपा -जजपा को चुनावों में बेनकाब और दंडित करेंगे

### *सभी तबकों से तालमेल करके गांव गांव जाकर भाजपा -जजपा के विरोध में जनता को लामबंद करेंगे ।

### केसरिया हिंदुस्तान नजीर हुसैन ब्यूरो चीफ जींद हरियाणा

जींद (28 अप्रैल)

आज जींद की जाट धर्मशाला में हरियाणा संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के तत्वावधान में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी किसानों-मजदूरों व अन्य तबकों से पुरजोर आह्वान किया है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा -जजपा को दंडित करें।

आज की कन्वेंशन की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठनों के नुमाइंदों बलबीर सिंह , कवरजीत सिंह, बारु राम, जिया लाल, राजीव मलिक,कैप्टन रणधीर चहल, सतीश आजाद,ईश्वर राठी ,गुरदीप सिंह, मांगेराम, दिलबाग मोर ,अजीत बॉडी,ने संयुक्त तौर पर की ।

सभी संगठनों के पदाधिकारियों के अध्यक्ष मंडल के अंतर्गत चली कन्वेंशन में ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान किये गए जुल्म सितम और विश्वासघात के लिए अब चुनावों में हिसाब चुकता करने का समय आ गया है।



सभी जिलों से विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े सैंकड़ों कार्यकर्ता इस कन्वेंशन में शामिल हुए और एक सुर में कार्पोरेट सांप्रदायिक गठजोड़ वाली मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़कर फैंकने का संकल्प लिया। कन्वेंशन के शुरू में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा गत 14 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में हुई किसान मजदूर महापंचायत में भाजपा को दंडित करने के निर्णय को हरियाणा में सफलता से लागू करने की दिशा में रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में मोदी सरकार को आज तक की सबसे ज्यादा किसान व जनविरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा एक बार फिर जनता को धर्म और जाति के नाम पर जहर फ़ैलाने और भावनाएं भड़काने के आपराधिक क्रियाकलाप कर रही है। इनके नफरत फ़ैलाकर वोट हथियाने के राष्ट्रविरोधी मनसूबों को विफल करना होगा। भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ जनता में जो आक्रोश प्रकट हो रहा है उसको रेखांकित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जनतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रकट करें और सभी तरह के उकसावे से बचें। संयुक्त किसान मोर्चा ने कन्वेंशन में सहकारी समितियों में दोबारा से ब्याज लगाने का जो प्रयास हरियाणा सरकार कर रही है उसका प्रदेश भर में संयुक्त मोर्चा विरोध करेगा । मोर्चा ने किसानों से अपील की है की सरकार के इस निर्णय का हर स्तर पर विरोध करें। मोर्चा ने कन्वेंशन के माध्यम से जल्द से जल्द गेहूं का उठान करने और किसानों को उनकी फसल की जल्द भुगतान की मांग की है। मोर्चा ने नीलम आजाद समेत अन्य गिरफ्तार किसान नेताओं की रिहाई की मांग भी की है ।

यह तय किया गया कि हर जिला, तहसील, ब्लाक और गांव के स्तर पर प्रस्पर तालमेल करके अन्य तबकों के संगठनों से एकता बनाते हुए भाजपा व जजपा के उम्मीदवारों को हराने के लिए जुटकर लोगों के बीच जायेंगे।

आज की कन्वेंशन को इंद्रजीत सिंह,रत्न मान,सुरेश कौथ, जोगेंद्र नैन, रणबीर मलिक, मनदीप नथवान, आजाद पालवा, कुलदीप पुनिया,विकास सीसर,रामफल दहिया,ईश्वर सिंह दहिया, मास्टर सतीश कुमार , डॉ सुखदेव जम्मू, बाबा गुरदीप सिंह,कपूर सिंह,सुमित लाठर, सतबीर पुनिया, सिक्किम नैन ने संबोधित किया

## शुक्र का तारा अस्त मंगलवार से,मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम डॉ.योगेश शर्मा

श्याम पाराशर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो जयपुर (9887033412) चौमूँ. 30 अप्रैल मंगलवार को भौतिक सुखों के कारक ग्रह शुक्र पूर्व दिशा में अस्त होने जा रहे है जिसे शुक्र का तारा अस्त भी कहा जाता है जिसके चलते मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ.योगेश शर्मा के अनुसार वैवाहिक जीवन,भौतिक सुख,धन,ऐश्वर्या के कारक माने जाने वाले ग्रह शुक्र मंगलवार की रात 3.30 बजे पूर्व दिशा में अस्त होंगे जो की 7 जुलाई की रात को 9.05 बजे पश्चिम दिशा में उदय होंगे तो वहीं 9 मई को गुरु सुबह 7.15 बजे पश्चिम दिशा में अस्त होंगे और 3 जून को दोपहर 3 बजे पूर्व दिशा में उदय होंगे।उन्होंने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में शुक्र व गुरु ग्रह को तारा माना गया है शुभ व मांगलिक कार्य करने से पहले शुक्र-गुरु के उदित स्वरूप पर विचार किया जाता है।मई और जून में कोई विवाह के मुहूर्त नही है।अब 7 जुलाई को शुक्र उदय होने के बाद ही मांगलिक कार्य हो सकेंगे।हालांकि 10 मई को आखा तीज,16 मई जानकी नवमी ,23 मई पीपल पूर्णिमा,16 जून गंगा दशहरा,15 जुलाई भड़ल्या नवमी ,17 जुलाई देवशयनी एकादशी को विवाह एवं अन्य सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं क्योंकि यह स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त माने गए हैं इन मुहूर्तों में पंचाग देखने की जरुरत नही होती है।इसके बाद जुलाई में 11,15 तारीख को ही विवाह मुहूर्त रहेगा।इसके बाद 17 जुलाई देवशयनी एकादशी से 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी तक चार माह तक शुभ व मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। *क्या होता है शुक्र अस्त* सौरमंडल के नवग्रह में शुक्र ग्रह का विशेष महत्व है शुक्र ग्रह सौरमंड़ल में सबसे तेज चमकने वाला तारा माना गया है।शुक्र जब सूर्य के समीप आता है तो शुक्र की ऊर्जा बेहद कमजोर हो जाती है।जिससे शुक्र बलहीन हो जाता है।सूर्य और शुक्र की युक्ति 18 महीने में दो बार होती है इस दौरान सूर्य अपनी शत्ति से शुक्र को ओझल कर देता है।यही कारण है कि इसे शुक्र अस्त कहा है।इस दौरान विवाह,गृह प्रवेश,बावड़ी,भवन,निर्माण,गृह प्रवेश एवं अन्य कई शुभ व मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं।





# बाराबंकी 28 अप्रैल- जिस सरकार में कर्ज से डूबा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायन गुप्ता आत्महत्या पर मजबूर हो नौजवान रोजगार की तलाश में डिग्री लेकर सड़क पर घूम रहा हो महिलायें घर से निकलने मे डर महसूस कर रही हो गरीब, मजदूर का घर न चल पा रहा हो उस सरकार ने सत्ता में बने रहने का हक खो दिया है। 2024 का आम चुनाव भाजपा सरकार को हटाकर देश के संविधान और प्रजातन्त्र को बचाने का चुनाव है आपके घरों में खुशहाली आये इसके लिये मैं आपसे आपका आर्शीवाद वोट की अपेक्षा लेकर आपके बीच में यह निवेदन करने आया हूं कि इस देश की खुशहाली और तरक्की के लिये आप सभी इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करें।

उक्त उद्गार इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज विकास खण्ड सिद्धौर में पूर्व विधायक राम मगन रावत के साथ व्यापक जनसम्पर्क अभियान के दौरान जन संवाद चौपालो मे व्यक्त किये इसी क्रम में चुनाव अभियान को गति प्रदान करते हुये पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनयिा ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द सिंह गोप के



साथ विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर के ग्राम किन्तूर में नियाज अहमद अंसारी द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शिरकत करके ईद के त्योहार की बधाई दी तथा इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की अपील की कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक विनोद कुमार यादव ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरौलीगौसपुर ब्लाक की प्रमुख श्रीमती रेनू वर्मा मौजूद थी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने आयोजित ईद मिलन समारोह में सभी को बधाई देते हुये इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुये कहा कि, संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में हवा चल रही है विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़, जैदपुर, बाराबंकी कुर्सी और रामनगर का एक-एक समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता पूरी मजबूती से इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को जिताने में लगा है संसदीय क्षेत्र बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है उसमें समाजवादियों ने ठाना है कि तनुज पुनिया को सांसद बनाना है जिसे हर हाल में वह पूरा करेगा समाजवादी अपने वचन से कभी पीछे नहीं हटेगा।

पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने सभी उपस्थित समुदाय को ईद की मुबारकबाद देते हुये कहा कि 2024 के आम चुनाव में जनता ने भाजपा के मायाजाल से निकलने और इण्डिया गठबन्घन के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है वह इस बात को समझ गया है कि वोट की राजनीति के चलते मोदी और योगी झूठ की राजनीति का सहारा ले रहे हैं कांग्रेस पार्टी विकास की राजनीति करती है उसकी कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं है हमारा चुनावी न्याय पत्र जो देश की जनता की समस्याओं के निदान का ऐतिहासिक दस्तावेज है उस पर गलत टिप्पणी करके उन्होने साबित कर दिया है कि उनको देश जनता की मंहगाई, बेरोजगारी की समस्या से कोई लेना देना नहीं है इस देश की जनता का कांग्रेस पार्टी के न्यायपत्र को भारी समर्थन मिल रहा है आप यकीन मानो चुनाव परिणाम आश्चर्यजनक होंगे और इण्डिया गठबन्धन की संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में ऐतिहासिक विजय के साथ ही प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन भाजपा को करारी शिकस्त देगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक धर्मराज यादव उर्फ सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, ब्लाक प्रमुख सिरौलीगौसपुर श्रीमती रेनू वर्मा, पूर्व विधायक राम मगन रावत, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, सुरेन्द्र सिंह वर्मा, सरताज चौधरी, मोहम्मद मोहसिन, फरूख मोबीन, डा0 कुलदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, आयोजक पूर्व प्रधान अमित सिंह, बृजपाल सिंह उर्फ ज्ञानू सिंह, पप्पू सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रभात सिंह, गुड्डू सिंह, सभाजीत सिंह प्रधान, अखिलेश सिंह प्रधान, अनिल यादव प्रधान, चन्दन सिंह प्रधान, अतीक चौधरी, राजेश सिंह, आशीष सिंह, अनूप सिंह प्रधान, दशरथ सिंह, सन्तोष सिंह, राहुल सिंह, बाबूराम मौर्या, लल्लन सिंह, डा0 साजिद, पठानी भाई, रमाकान्त मौर्या, सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय आवाम मौजूद थी।

## नगीना पहुंचने पर चंद्रशेखर आजाद का किया गया स्वागत

### आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने किया सभी जिम्मेदार लोगों का आभार व्यक्त।

Jila Bijnor Nagina Kesariya Hindustan Nagina =आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना लोकसभा से चुनाव लड़े चंद्रशेखर आजाद का स्वागत किया गया। नगीना पहुंचकर उन्होंने अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से मेरा



चुनाव लड़ाकर मदद की है मैं सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं।

शुक्रवार की रात्रि रॉयल वुड हैंडीक्राफ्ट के स्वामी व समाजसेवी हाजी जुल्फिकार आलम के निवास स्थान पर पहुंचकर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सभी जिम्मेदार लोगों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा की जनता ने जो प्यार उन्हें दिया है। वे उसके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के मिले प्यार व समर्थन से व अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं। इस मौके पर नगीना डवपलीमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद अली मुल्तानी, जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष शेख परवेज़ पाशी, आफताब मुल्तानी, हाजी रफीउलशान, असद जुल्फिकार, नावेद जुल्फिकार, समाजसेवी मास्टर अलीहसन उस्मानी, मोहम्मद जाहिद उस्मानी, सभासद मोहम्मद शारिक, रईस दादा, शहाबुद्दीन, नौशाद अहमद, मुनीर आलम, राशिद उस्मानी, यासीन सोनी, हाशिम इस्लाम, मोहम्मद आबिद, बहारुद्दीन शमसी, आदि उपस्थित रहे।

### मच्छरों से बचाव को दवा छिड़काव कराने की मांग

बलदेव। कस्बा बलदेव व देहात क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है ।मच्छरों का प्रकोप इस कदर हावी है कि लोग रात में चैन की नींद भी नहीं सो पाते हैं। स्थानीय सुजीत वर्मा ने जिला प्रशासन से कस्बा में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

मच्छर जनित रोगों के फैलने का भी खतरा बना हुआ है। लोग मच्छरों से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के विकल्पों का प्रयोग कर रहे हैं ।श्री वर्मा ने पूरे कस्बे में मच्छरों के खात्मे तक छिड़काव व फॉगिंग कराए जाने की मांग की है।

# बढ़ापुर में तैनात होमगार्ड की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत मौत

Jila Bijnor Nagina Kesariya Hindustan Nagina 28 अप्रैल ----- बढ़ापुर थाना में तैनात होमगार्ड की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई।

थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव राजारामपुर निवासी अनिल कुमार होमगार्ड थे।उनकी रात्रि ड्यूटी बढ़ापुर थाने में चल रही थी। शनिवार की देर रात वह बाइक से ड्यूटी पर बढ़ापुर जा रहे थे।बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर गांव फूलनगर के सामने एक अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। घटना में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नगीना सीएचसी में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ नवीन कुमार ने गंभीर रूप से घायल होमगार्ड अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलते ही मृतक अनिल कुमार के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।बढ़ापुर थानाध्यक्ष समेत पुलिस के अन्य अधिकारियों ने भी पहले घटना स्थल तथा फिर अस्पताल पहुंच कर दुर्घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।पुलिस ने मृतक होमगार्ड अनिल कुमार के शव का



पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट

झांसी के थाना बबीना पुलिस के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी राजेश एस व पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी के नेतृत्व मे आगामी लोकसभा चुनाव के द्रष्टिगत गठित टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन मे पानी की सरकारी टंकी के समाने टूंका किल्चवारा बहद ग्राम किल्चवारा चौका बैदोरा थाना बबीना झाँसी व फासला करीब 13 किमी दिशा पश्चिम से आज दिनांक 27.04.2024 को अभि0 राजीव ठाकुर पुत्र श्री रंजीत सिंह निवासी ठकरास मोहल्ला कस्बा व थाना बबीना जिला झांसी उम्र करीब 28 वर्ष के कब्जे से तलाशी के दौरान 01 अदद तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। जिसको गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 159/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभि0 उपरोक्त को न्यायालय जनपद झाँसी के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे अरूण कुमार तिवारी थानाध्यक्ष थाना बबीना,उ0नि0 संदीप कुमार वर्मा चौकी प्रभारी बैदोरा,का0 कृष्ण मुरारी शामिल रहे।




# झांसी मण्डलायुक्त विमल कुमार दुबे व पुलिस उप महानिरीक्षक झॉसी कलानिधि नैथानी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरबर सिंह की रिपोर्ट

शान्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

झांसी के मऊरानीपुर में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज जिले के उच्च अधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी जानकारी हासिल की। आज मण्डलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा मऊरानीपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत क्रिटिकल व वल्नेरबल मतदान केन्द्रों/बूथों व छ्क्क्न के ठहरने के स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अधिकारियों ने प्राथमिक विद्यालय रेवन, प्राथमिक विद्यालय स्यावनी खुर्द, उच्च प्राथमिक विद्यालय घाट लहचूरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय धवाकर, उच्च प्राथमिक विद्यालय अक्सेव में मतदान स्थल



का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मऊरानीपुर टीकमगढ़ मार्ग पर स्थित बॉर्डर चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। और लोगों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया गया। साथ ही सभी से कहा गया कि निर्भीक और स्वतंत्र रूप से अधिक से अधिक मतदान करें। और लोकतंत्र के महापर्व में भागी दार बने। उन्होंने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसकी प्रशासन स्तर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।भ्रमण के दौरान उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर गोपेश व क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर लक्ष्मीकान्त गौतम,तहसीलदार मदन मोहन गुप्ता,कोतवाली प्रभारी अखिलेश द्विवेदी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# किसानों की कर्ज राशि में मौज कर रहे बैंक कर्मी एवं दलाल

**– चपरासी से लेकर मैनेजर तक का फिक्स है अपना – अपना हिस्सा**

**– बिना दलाल के केसीसी का कर्ज मंजूर हो पाना टेढ़ी खीर**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- यूनियन बैंक शाखा सरई में यदि आप किसान क्रेडिट की राशि केसीसी के तहत कर्ज मंजूर कराना चाहते हैं तो यह बिना दलाल की मदद के बेहद कठिन है।और बैंक अधिकारी आपको दलालों से संपर्क कराने में मदद करेंगे इसके बाद ही पूरी प्रक्रिया दलालों के माध्यम से ही होगी। बताते हैं कि इस पूरे कार्य में दलालों का एवं बैंक के चपराशि से लेकर मैनेजर तक का अपना - अपना हिस्सा फिक्स है। जिसे चुकता करने के बाद ही आपको कर्ज की राशि मिल पाएगी।

ऐसी ही भर्रेसाही यूनियन बैंक देवसर में जब मैनेजर के पद पर अब्दुल आलम पदस्थ थे उस दौरान यहां भी थी। श्री आलम के सरई में पदस्थापना के बाद वहां से भी ऐसी ही शिकायतें मिल रही हैं। संबंधित बैंक के कर्मियों एवं मैनेजर की मनमानी की बजह से आम जन को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर आदिवासी एवं अशिक्षित लोगों को बैंक के अधिकारी दलालों के माध्यम से अपना शिकार बना रहे हैं।




### आदिवासियों की ज्यादातर जमीन गिरबी

बैंक कर्मी केसीसी में ज्यादातर आदिवासियों को अपने निशाने पर ले रहे हैं। ऐसा इसलिये की उनको मनमानी करने में काफी सहूलियत हो रही है। यही वजह है कि आदिवासियों की ज्यादातर जमीन बंधक हो गयी है। जबकि उन्हें कर्ज की पूरी राशि मिल पाए ऐसा कम ही हो पा रहा है। कर्ज की राशि में बंदरबांट कर ले रहे हैं।

### खाते से टांसफर हो जाती है राशि

हालत यह है कि कर्ज की राशि आदिवासियों के नाम से मंजूर होती है। उनके कर्ज के बैंक खाते में राशि जमा होने के कुछ ही घंटों में वह राशि अन्य बैंक खाते में टांसफर हो जाती है। बैंक कर्मी ऐसा करते वक्त बकायदे दस्तावेज तैयार कर लेते हैं जिससे उन्हें कोई दिक्कत न हो लेकिन कुछ ही घंटों में अन्य खाते में राशि भेजना ही बैंक मैनेजर के मंशा पर सवाल खड़ा करता है।

# निगम आयुक्त द्वारा किया गया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण




### अनियमितता और लापरवाही करने वालों पर की जाएगी कार्यवाही

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा द्वारा थाना रोड पर एसटीपी प्लांट के पास बनी पुलिया का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त ने कहा की बारिश के चलते नगर में जल भराव की स्थिति ना हो इसलिए हमें पहले से ही व्यवस्थाएं करनी होगी। इसके साथ ही पुलिया की साफ सफाई और उसे चौड़ी कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद निगम आयुक्त द्वारा विंध्य नगर क्षेत्र में अलग अलग जगह किए गए रेस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद निगम आयुक्त वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे। जहा अपनी उपस्थिति में लैब में रॉ वॉटर और ट्रीटेड वॉटर दोनों की टेस्टिंग करवाई । साथ ही लैब के सभी रजिस्टरों का परीक्षण किया। इसके बाद निगम आयुक्त ने कहा की नगर के लोगो को स्वच्छ जल प्रदान करना नगर निगम की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में अनियमिता और लापरवाई को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अगर ऐसा पाया गया तो सम्बन्धित के खिलाफ एफआईआर के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ हुआ

जिला ब्यूरो धार/मो. 9424075866

धार - जिला मुख्यालय पर स्थित सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को शिविर का विधिवत शुभारंभ जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त बृजकांत शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त श्री शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के शिविरो के आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा निकलकर सामने आती है। इस दौरान सीएम राइज स्कूल की केजी की दो नन्ही छात्राओं अनामिका जोशी और आराध्या खराड़ी को उनकी प्रतिभा से प्रभावित हो नगद धनराशि देकर मंच पर ही पुरस्कृत किया। सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने शिविर के उद्देश्य और रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सीएम राइज स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित किया जा रहा है । जिसमें किसी भी शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के विद्यार्थी निःशुल्क रूप से भाग ले सकते हैं । यह शिविर 6 मई तक चलेंगे । शिविर में विद्यार्थियों को खेलकूद, पेंटिंग ,मेहंदी, ड्राइंग, मूर्तिकला,क्राफ्ट, सिलाई, नाटक , आत्मरक्षा आदि अनेकों विधाओं में सहभागिता करवाई जाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम दिवस योग , खेलकूद , खेल खेल में पढ़ना आदि विषयों से संबंधित गतिविधियां, करवाई गई । शिविर में अन्य स्कूलों के विद्यार्थी भी ले रहे भाग शिविर को लेकर विद्यार्थी एवं पालकों में इतना उत्साह है कि सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों के अलावा सेंट्रल स्कूल, रॉयल एकेडमी, मॉडल स्कूल, सेंट जॉर्ज स्कूल के अनेकों विद्यार्थी शिविर में भाग लेने पहुंचे और सहभागिता की। ग्रीष्मकालीन शिविर में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश कुरकुरे और राजेंद्र वर्मा भी विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रावल ने किया आभार प्रदर्शन हेमंत कोष्ठी ने किया।

## सफेद साड़ी वाली अज्ञात महिला के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

इंदौर( संभाग ब्यूरो) - कुक्षी तहसील के निसरपुर ब्लाक के ग्राम देशवाल्या की महिलाओं के साथ पूजा पाठ कर रुपये दोगुने करने के मामले में कुक्षी पुलिस ने सफेद साड़ी वाली अज्ञात महिला के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। अब जांच के बाद ही मामले का पर्दाफाश होगा।



पुलिस थाना कुक्षी के निसरपुर चौकी में फरियादी बसंती बाई पत्नी पप्पू निवासी देशवाल्या के आवेदन के बाद इस मामले में गुरुवार को अज्ञात सफेद साड़ी वाली महिला के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। आवेदन में बसंती वाई ने बताया कि उसने रिश्तेदारों के साथ पूजा-पाठ करके रुपये डबल करने के नाम पर चांदी, सोने के जेवर व नकदी चार-पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अज्ञात महिला उसके जेवर व रुपये लेकर भाग गई। थाना प्रभारी कुक्षी राजेश यादव ने बताया बीते दिनों देशवाल्या की महिलाओं ने पुलिस को आवेदन देकर मामले की शिकायत की थी। इस पर पुलिस अज्ञात सफेद साड़ी वाली महिला के विरुद्ध धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मार्च माह से संपर्क में थीं महिलाएं ־ इस मामले में पीड़ित महिलाओं ने बताया कि वे 10 मार्च से सफेद साड़ी वाली महिला के संपर्क में आई थी। इसके बाद उसने कई वार मोबाइल पर रुपये डबल करने की बात कही और उसके पास आने को कहा। रुपये देने के बाद पांच अप्रैल तक उससे संपर्क में रहे। इसके बाद सफेद साड़ी वाली महिला का मोबाइल बंद हो गया। टी आई कुक्षी राजेश यादव ने बताया कि प्रकरण दर्ज होने के बाद इस मामले में पुलिस सभी एंगल से जांच में जुट गई है।

### शमशाबाद विधानसभा के मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश - सीईओ धाकरे

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/ब्रजेश रघुवंशी

नटेरन जनपद सीईओ जितेंद्र सिंह धाकरे ने आज शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कस्तूरबा गांधी छात्रावास एवं पीपलधार छात्रावास में पहुंचकर विधानसभा क्षेत्र में शत- प्रतिशत मतदान संभव हो चार गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें विविध प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए गए एवं सीईओ जितेन्द्रसिंह धाकरे द्वारा छात्राओं से दौड़ कुर्सी प्रतियोगिता कराकर एवं छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर तथा मानव श्रृंखला बनाकर और पैदल रैली निकाल कर हाथ में तख्तियां लेकर नारे लगाएं ,, जन-जन ने ठाना है।?वोट डालने जाना है,, सच्चे नागरिक की यही पहचान मतदान, इस प्रकार से मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया एवं सीईओ धाकरे ने मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि पांच साल में मतदान का अवसर मिलता है। इसको खोना नहीं है। यही हम सब का नैतिक कर्तव्य है। और कानूनन प्राप्त अधिकार का पूरा उपयोग करना है। ऐसे प्रेरणा सभी मतदाताओं को दें। एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्राएं एवं कस्तूरबा गांधी छात्रावास और पीपलधार छात्रावास का समस्त स्टाफ और ग्राम पंचायत सचिव सहित रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे।



# युवती के साथ युवक ने किया दुराचार

## पुलिस चौकी सासन ने आरोपी को 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार






दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- सासन चौकी पुलिस ने एक युवती के साथ दुराचार करने वाले आरोपी को घटना सूचना के 24 घण्टे के अन्दर घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफल रही है। यह कार्वाई सासन चौकी पुलिस प्रभारी उप निरीक्षक संदीप नामदेव ने पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता निर्देशन एवं शिव कुमार वर्मा एएसपी , सीएसपी पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में कामयाबी मिली है। पुलिस के अनुसार फरियादिया के द्वारा 25 अप्रैल चौकी सासन में रिपोर्ट लिखाई थी की आरोपी राजकुमार के द्वारा लड़की के साथ गलत काम किया है। जिसकी रिपोर्ट पर चौकी सासन में धारा 376 भादवि कायम किया जाकर विवेचना की जा रही थी। जिसमें से आरोपी घटना दिनांक से फरार था। जिसको बीते 27 अप्रैल को पुलिस ग्रामीण बनकर आरोपी गिरफ्तार किया जाकर आरोपी राजकुमार साहू को न्यायालय पेश किया गया है। जिसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्वाई में उनि. संदीप नामदेव, सउनि. केपी सिंह, आर राहुल सिंह, आर मुकेश कुमार पटेल की महत्व पूर्ण भूमिका रही।

# प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जीराती आज पथ व नुक्कड़ सभाओं को करेंगे संबोधित

जिला ब्यूरो धार मो. 9424075877



बदनावर। लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता पथ सभा व नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर के पक्ष में जनता को संबोधित करेंगे।

भाजपा के विधानसभा मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व प्रदेश संगठन से प्रभारी के रूप में भेजे गए जीतू जीराती, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, विधानसभा प्रभारी दिलीप पटोंदिया, पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार सामूहिक रूप से शामिल होकर विभिन्न गांवो में पथ एवं नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे।

जानकारी अनुसार बखतगढ़ मंडल के बखतगढ़ में सुबह 10 बजे व इसी मण्डल के ग्राम भेंसोला में शाम 5 बजे नुक्कड़ सभा होगी। वही ग्रामीण मण्डल के ग्राम तिलगारा में दोपहर 12 बजे व शाम 6 बजे मुलथान भाजपा नेता नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। विधानसभा के संयोजक मोहनसिंह चौहान, सहसंयोजक शिवरामसिंह रघुवंशी आदि भी उपस्थित रहेगे।

# विश्व नृत्य दिवस विशेष- नृत्य इतिहास से वर्तमान तक

इंदौर (म.प्र ) प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस की शुरुआत 29 अप्रैल 1982 से हुई। यूनेस्को की सहयोगी अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्था की सहयोगी अंतर्राष्ट्रीय नाच समिति ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में स्थापित किया। एक महान् रिफॉर्मर जीन जार्ज नावेरे के जन्म की स्मृति में यह दिन अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विशेष अवसर पर कला एवं साहित्य के शहर इंदौर की ख्यात नृत्यांगना एवं शास्त्रीय नृत्य कथक में पीएचडी करने वाली श्रीमती डॉ प्राची पाण्डेय भट्ट का विशेष आलेख

स्वतंत्रता के पश्चात से वर्तमान तक कथक की यात्रा

आदि मानव की आंतरिक वृत्तियों एवं भावनाओं की अभिव्यक्ति का सार्थक रूप है नृत्य। जो सभ्यता और संस्कृति के सोपानो पर चढ़ते हुए हज़ारों सालों से भिन्न-भिन्न धर्म, जाती, समाज, संस्कृति, क्षेत्रों और राष्ट्रों का प्रतिक बनकर पल्लवित तथा विकसित हुआ है। नृत्य एक दृष्टव्य कला है जिसे रुचिपूर्ण बनाने के लिए कालांतर से अनेक नृत्यकारों ने अथक परिश्रम किया और उसे आकर्षक, मोहक, नवीनता एवं प्रयोगधर्मिता का समावेश किया है, किन्तु यदि नृत्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से वर्तमान आधुनिक युग की तुलना की जाये तो नृत्य चाहे कथक हो या अन्य सभी की अभिव्यक्ति में क्रन्तिकारी परिवर्तन आ गया है।



आज़ादी के बाद से आज के 2024 तक के समय में नृत्य का बेहद प्रचार-प्रसार घुसा है। कथक नृत्य आज जो हमारे सामने है उसका इतिहास 250-300 वर्षों से अधिक का नहीं लगता क्योकि पहले के और वर्तमान के प्रदर्शन स्वरुप में कुछ हटकर ही परिवर्तन आया है। आज़ादी के समय और आज के कथक की तुलना की जाये तो एक बात साफ़ नज़र आती है और वो ये कि कथक की अभिव्यक्ति के सौंदर्य में वृद्धि हुई है। जो इसके कलात्मक स्वरुप के संरक्षण में सहायक सिद्ध हुई है।

आज के आधुनिक युग में भी कथक का मूल धार्मिकता ही है। कथक के प्रदर्शन में आज भी पौराणिक कथाओं पर आधारित नृत्य नाटिकाएं होती है परन्तु इसके साथ-साथ अन्य विषयों का भी समावेश कथक की अभिव्यक्ति में किया गया है, जिसमे कुमुदनी लखिया और पंडित बिरजू महाराज जैसे युगांतर नृत्यकारों के नाम शामिल है।

एक विशेष बात जो नृत्य विधा के साथ रही है की ऐतिहासिक और पौराणिक युगों में इसकी अभिव्यक्ति की मंच सिमित थे जो विशेष अवसरों पर होते था लेकिन वर्तमान समय में नृत्य केवल विशेष अवसरों से निकलकर दैनिक जीवन का हिस्सा बना है। केवल साधना से साधन और मनोरंजन से तनमन की ऊर्जा से जुड़ा है, लेकिन आधुनिक युग और दिन प्रतिदिन जन्म ले रही नृत्य की नई-नई तकनीकों में पौराणिक नृत्य के सामने कई चुनौतियाँ भी खड़ी कर दी है और उनके बीच कथक या अन्य विधा जैसे शास्त्रीय या भरतनाट्यम जैसे नृत्यों को जीवित,पोषित और विकसित बनाये रखना देश की संस्कृति और सभ्यता के लिए बेहद ज़रूरी है।

लेख
डॉ श्रीमती प्राची पाण्डेय भट्ट
अनहद नृत्य एवम संगीत अकादमी

# होम वोटिंग में दिखा उत्साह, बुजुर्गो और दिव्यांग जनो ने किया मतदान

## 103 वर्षीय नन्ही बाई ने मतदान कर जताई खुशी

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी־ बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर सम्पन्न कराई जा रही मतदान प्रक्रिया एवं गोपनीयता का जायजा लेने रविवार को बाड़ी तहसीलदार प्रमोद उइके एवं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता पहुँचे अमरावद कलां। यहां 103 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता नन्ही बाई के निवास भाग संख्या 250 अमरावद कलां पर पहुंचकर तहसीलदार ने मतदान प्रक्रिया एवं गोपनीयता के साथ बुजुर्ग से मतदान कराया। साथ ही उनकी बहू से मतदाता सूचना पर्ची की जानकारी ली।

लोकसभा चुनाव का मतदान विदिशा लोकसभा क्षेत्र में सात मई को तीसरे चरण में होना है

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 85 प्लस अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की।

इस प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाया जा रहा है।

जिले के भोजपुर विधानसभा के अनेक बूथों पर रविवार को मतदान दलों द्वारा घर-घर पहुंच कर पात्र मतदाताओं को मतदान करवाया गया एवं मतदाताओं ने पूर्ण उत्साह के साथ होम वोटिंग का लाभ उठाया साथ ही चुनाव आयोग की इस अभिनव पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनो को होम वोटिंग की जो सुविधा दी है वह वास्तव में बहुत ही आरामदायक एवं सुविधाजनक है। उन्होंने आयोग के इस नवाचार की सराहना की।



होम वोटिंग करने बाली 103 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता नन्ही बाई ने कहा कि चुनाव आयोग का ये अभिनव नवाचार है जिससे घर बैठे मतदान की सुविधा मिली है। खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने आयोग को इसके लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

### मतदान दल में ये रहे शामिल

मतदान कराने के लिए घर-घर गई प्रत्येक टीम में 2 मतदान कार्मिकों समेत 1 वीडियो व 1 फोटोग्राफर व 1 माइक्रो ऑब्जर्वर शामिल रहे। इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी निगरानी रही। सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी साथ रहे। स्थानीय पुलिस बल का विशेष सहयोग रहा।

# रट लो की तकलीफों को दूर करने और भविष्य में तकलीफें न आवे, उसके लिए जयगुरुदेव नाम की ध्वनि हमको बोलना है

## शाकाहारी नशामुक्त रहकर सपरिवार जयगुरुदेव नाम ध्वनि बोलने पर कुछ ही दिनों में हर तरह से फायदा दिखेगा, कर के देख लो



शाहजहांपुर (उ.प्र.)वक़्त के पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि इस वक़्त का प्रभु का जगाया हुआ नाम जयगुरुदेव, संकट में मददगार है। इस नाम में उस प्रभु की पूरी ताकत समाई है। समय-समय पर नाम को जगाया जाता है। जब राम भगवान आए थे तो राम नाम में उन्होंने शक्ति भरा था। लंका पर विजय के लिए जब समुन्द्र पर पुल बनाने की जरुरत पड़ी तब पत्थर पर राम-राम लिखकर के समुन्द्र में डाला, सारे पत्थर तैरने लगे थे। इसे देख बन्दर भालुओं को विश्वास हुआ, उनकी हिम्मत बढ़ गई कि जिनके नाम के लिखने में पत्थर तैर रहा है, उनमें कितनी शक्ति होगी, हमारा कोई कुछ नहीं कर पाएगा। हिम्मत जब बढ़ जाती है तब आदमी कामयाब हो जाता है। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत, पार ब्रह्म को पाइए मन ही के परतीत। जब महात्मा महापुरुष आते हैं तो नाम को जगा करके उसे परमात्मा से जोड़ देते हैं। त्रेता में राम नाम, द्वापर में कृष्ण नाम कलयुग में सत साहब नाम, वाहेगुरु और इस समय जयगुरुदेव नाम है। बहुत लोगों ने आजमाइश किया, आप लोग भी आजमाइश कर सकते हो। गुरु बिन भव निधि तरे न कोई, जो बिरंच शंकर सम होई। चाहे ब्रह्म या शिव के समान कोई होगा, बगैर गुरु के पार नहीं हो सकता है। वक्त के गुरु, समरथ गुरु की जरूरत पड़ती है। वक्त के गुरु जब मिल जाते हैं, जीता जागता नाम मिल जाता है तो जीवों का उद्धार हो जाता है।

### *जयगुरुदेव नाम ध्वनि*

मैं देख रहा हूँ, बहुत लोग दुखी हैं। तो अब तकलीफों में आराम पाने का उपाय ले लो। नामदान के पांच नामों से तकलीफें जल्दी जाएँगी लेकिन इनको आपको किसी को बताना नहीं है। लेकिन इस जयगुरुदेव नाम को आप बता सकते हो, जयगुरुदेव नाम की ध्वनि आप बुलवा सकते हो। एक घंटा सुबह-शाम परिवार वालों को इकठ्ठा करके अगर जयगुरुदेव नाम की ध्वनि बुलवाने लगोगे तो कुछ दिनों में हर तरह से फायदा आपको दिखाई पड़ने लगेगा। जो शाकाहारी नशामुक्त हो कर बोलेंगे उन्हें जल्दी फायदा होगा। शराबी, मांसाहारी, सटोरियों, जुआरियों, बुरा कर्म करने वालों को भी फायदा होगा लेकिन तब जब उन्हें लगातार बुलवाओगे, जब उनके कर्म कटेंगे तब। परिवार वालों के साथ जब आप जुड़े हुए हो, दुःख-सुख के साथी हो, एक-दुसरे की सेवा करते हो, एक-दुसरे की बात मानते हो तो उन्हें इसके लिए राजी कर लो कि एक घंटा जयगुरुदेव नाम ध्वनि बोली जाय जिससे आगे तकलीफ न आवे। अभी तक तो बहुत भोगा गया, अब आगे नहीं। बच्चों को भी बुलवाया जाए जिससे बच्चों को भी तकलीफ न आवे। बच्चों के खाने-पीने, आने-जाने, संगत आदि का ध्यान रखो तो वो बिगड़ेंगे नहीं तो कर्म खराब नहीं होंगे तो उनको तकलीफें आएँगी नहीं। जो सतसंगियों के बच्चे जो संगत में, ध्यान-भजन में लगे रहते, नाम ध्वनि बोलते रहते हैं, वो बिगड़ते नहीं हैं। जो गुरु पर विश्वास कर लेते हैं गुरु उनकी रक्षा करते हैं।

### *वर्तमान और भविष्य की तकलीफों को दूर करने का तरीका*

सब नये-पुराने लोग रट लो कि तकलीफों को दूर करने के लिए और भविष्य में तकलीफें न आवे, उसके लिए जयगुरुदेव नाम की ध्वनि हमको बोलना है। प्रथम सीढ़ी पर जाना है। मंजिल, छत पर अगर जाना है यह पहली सीढ़ी जयगुरुदेव नाम की है, इस पर चढ़ना है। नाम ध्वनि ऐसे बोलना रहेगा- जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयजय गुरुदेव। बोलकर के नए लोग सीख लो नहीं तो वहां नहीं बोल पाओगे। सोचोगे कि हम तो बड़े आदमी, पढ़े-लिखे हैं और यह जयगुरुदेव वाले सब झोला टांगे, झंडा लिए हुए इधर-उधर घूमते रहते हैं, गरीब हैं गंवार हैं। यह गरीब गंवार नहीं, शहंशाह के बेटे हैं, आपको इनसे सीख लेनी चाहिए।

# खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटे बेटियों के विवाह पर जोर दिया



## कुशवाह समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 28 जोड़े एक दूजे के बंधन मै बंधे

देनिक केसरीया हिंदुस्तान ब्यूरो

देवीलाल कुशवाह राजगढ़

संडावता नगर में सूर्यवशी क्षत्रिय कुशवाह समाज का चौथा सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल को संडावता पूवारखेडी रोड़ के पास आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 28 जोड़े एक दूजे के हो गए। मंच पर कुशवाह समाज के इष्ट भगवान भगवान श्री राम एवं ठाकुर की कथा पूजन अर्चना एवं आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में समाज के अनेक वरिष्ठ समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक एकता एवं खर्चीले विवाह से दूर रहकर सामूहिक विवाह सम्मेलन में अपने बेटे बेटियों के विवाह करने पर जोर दिया गया। वहीं अन्य सामाजिक कुरीतियां को छोड़ने पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए।

सम्मेलन में विद्वान पंडितो द्वारा वैदिक रीति रिवाज के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। आयोजन में अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के प्रदेश कार्य कारी अध्यका डुंगर सिंह कुशवाह जी, जिला अध्यका अमृत लाल कुशवाह, युवा जिला अध्यक्ष एवं जीरापुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रति निधि पवन कुशवाह जीरापुर प्रदेश सरकार के राज्य मन्त्री गौतम टेंटवाल भाजपा जिला मन्त्री केलाश नागर, सांसद पुत्र महेश नागर, दीदी नीलाम सक्सेना, भाजपा जिला मन्त्री जगदीश नागर भाजपा मण्डल अध्यक्ष घनश्याम नागर, राजस्थान राज्य वरिष्ठ समाज सेवी कुशाल नेता जी जीरापुर, वरिष्ठ समाज सेवी राष्ट्रीय कार्य कारणी सदस्य राधेश्याम शिक्षक , छापीहैडा आदि द्वारा नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया गया। सम्मेलन में अन्य समाज के समाजसेवी लोगों द्वारा भी तन मन से सहयोग किया गया। समिति द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया



## मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है - आर्य मणि

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी बाड़ी, देश में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है। देश भर में सात चरणों में वोटिंग होनी है।लोकतंत्र के इस पर्व के दूसरे चरण का मतदान 26अप्रैल को संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश की 6 लोकसभा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। इसी क्रम में नर्मदापुरम (होशंगाबाद) लोकसभा में भी चुनाव संपन्न हुए। नर्मदापुरम (होशंगाबाद) लोकसभा के अंतर्गत उदयपुरा विधानसभा के ग्राम शिवतला के ग्रामीणों ने भी पूर्ण उत्साह से मतदान किया। लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वरिष्ठ समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री मनीराम जी चौहान (आर्य मणि जी)ने भी काफी प्रयास किए। घर घर जाकर लोगों से मतदान करने की प्रार्थना की। आपके प्रयास के परिणामस्वरूप ही युवाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया।आपने लोगों से कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नही बल्कि कर्तव्य भी है। देश को समृद्ध और सशक्त बनाने हेतु शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। यदि हम आलस या नकारात्मक के कारण वोट नहीं देते हैं तो फिर हमे सरकार से सवाल करने का कोई अधिकार नहीं रहता है। आर्य मणि जी के साथ समाजसेवी होशियार सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा दीपक चौहान हर्ष चौहान हितेन्द ने भी अधिक से अधिक मतदान कराने हेतु प्रयास किए।

## पुलिस वर्दी में सहायक उप निरीक्षक का अश्लील डांस, एसपी ने किया निलंबित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

मैहर। जिले के न्यू रामनगर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक का अश?लील डांस वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने उन?हें निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि गत 21 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम के दौरान यूनिफॉर्म में होने के बावजूद भी सहायक उप निरीक्षक ने अश्लील



गाने पर जमकर डांस किया था। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने के बाद पुलिस अधीक्षक मैहर ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त सहायक उप निरीक्षक को ना केवल निलंबित कर दिया है बल्कि प्रारंभिक जांच के निर्देश भी जारी किए हैं। बता दें कि सहायक उप निरीक्षक सरकारी पिस्टल लगाकर यूनिफॉर्म में ही आर्केस्ट्रा डांसर के साथ डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### *क्या थी घटना*

मैहर जिले के न्यू रामनगर थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक सुशील कुमार वीडियो में एक डांसर के साथ भोजपुरी गाने पर थिरकते हुए दिखाई दे रहे हैं। न्यू रामनगर थाना के हिनौता गांव में गुलाब सिंह के यहां आयोजित कार्यक्रम में आधी रात को सहायक उप निरीक्षक ने शराब के नशे मे धुत होकर खूब ठुमके लगाए।

### *पुलिस अधीक्षक ने की कार्रवाई*

सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार का वीडियो जैसे ही इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हुआ इसकी जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक मैहर को दी गई। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल ने मामले की जानकारी लेते हुए सुशील कुमार को न केवल निलंबित कर दिया है बल्कि प्रारंभिक जांच के निर्देश भी जारी किए हैं। साथ ही उन्होंने जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस तरह की अगर वीडियो प्रसारित होते हैं तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के साथ की मारपीट: चार लोगो ने मिलकर की मारपीट, दो गिरफ्तार, दो फरार,

आलोट। दो साल पुराने कैस की गवाही देने आई महिला के साथ चार लोगो ने मिलकर मारपीट की। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया और दो अभी तक फरार है। शनिवार को दोपहर में न्यायालय परिसर में स्थित मंदिर के पास दोपहर 1 बजे गवाही देने आई विष्णुबाई (35) पति थानुलाल नायक निवासी तारागढ़ के साथ चार लोगो ने मारपीट की। इसमें मोहन लाल पिता गणपत लाल, विक्रमलाल पिता मांगुलाल दोनो निवासी तारागढ को धारा 323, 294 506 लगाकर गिरफ्तार कर लिया। और दो आरोपी अभी तक फरार है।

# रीवा से मुंबई के लिए मिली एक और ट्रेन, यात्रियों पर रेलवे मेहरबान, अब 3 ट्रेन जाएंगी मुंबई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

रीवा से मुंबई जाने वाले यात्रियों पर रेलवे इन दिनों मेहरबान नजर आ रहा है। हाल ही में एक साप्ताहिक ट्रेन की चलाए जाने के बाद मुंबई के लिए रीवा को एक और स्पेशल ट्रेन मिल गई है। यह ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। जिसके बाद अब रीवा से मुंबई के लिए सप्ताह में तीन दिन ट्रेन हो गई है। रीवा के लिए जो नई स्पेशल ट्रेन दी गई है, वह 9 ट्रिप के लिए रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन रीवा से बांद्रा टर्मिनल के बीच चलेगी। मुंबई के लिए एक और स्पेशल ट्रेन चलाए जाने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। अभी जो सप्ताह में 2 स्पेशल ट्रेन चल रही है। उसमें काफी भीड़ जा रही है। सप्ताह में दो दिन चलने के बाद एक और स्पेशल ट्रेन किस वजह से दी गई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि माना जा रहा है कि गर्मी में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एक और ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि रीवा से मुंबई के लिए डेली ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही है, रेलवे इन ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों की ऑक्यूपेसी चेक कर ट्रेन चलाए जाने की संभावनाओं को तलाश रहा है। बहरहाल, कारण चाहे जो भी हो लेकिन एक नई ट्रेन चलाए जाने से यात्रियों का काफी ज्यादा आराम मिलने वाला है। बताया गया है कि रीवा-मुंबई स्पेशल ट्रेन 3 मई से 28 जून और मुंबई-रीवा स्पेशल ट्रेन 2 मई से 27 जून तक चलेगी। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई से रीवा के लिए यह स्पेशल ट्रेन 2 मई से हर गुरूवार सुबह 4.30 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 7 बजे रीवा पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को सुबह 11 बजे यह स्पेशल ट्रेन रीवा से रवाना होगी, जो अगले दिन दोपहर 12.5 बजे बांद्रा टर्मिनल स्टेशन पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित होगी। जिसमें 22 कोच होंगे।




### केवल सात स्टेशनों में होगा ठहराव

रीवा और बांद्रा टर्मिनल के बीच यह स्पेशल ट्रेन सात स्टेशनों पर रूकेगी। जिसमें से चार स्टेशन जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत होगें। बताया है कि रीवा से बांद्रा टर्मिनल के बीच यह ट्रेन दोनों तरफ आने-जाने में यह ट्रेन वापी, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना रेलवे स्टेशन में रूकेगी।

### और चल रही 2 ट्रेनें

रीवा से मुंबई के बीच सप्ताह में दो और ट्रेनें चल रही हैं। एक स्पेशल ट्रेन गुरूवार को शाम 4 बजे रीवा से मुंबई के लिए रवाना होती है। साथ ही एक स्पेशल रविवार को शाम 4 बजे रीवा से मुंबई के लिए रवाना हो रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में कैद हुआ प्रत्याशियों का भाग्य, 24 घंटे रहेगी नजर





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद देर रात तक सभी 2014 मतदान केन्द्रों के मतदान दल वापस लौटे। सबसे पहले रीवा नगर निगम क्षेत्र तथा मनगवाँ विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल पहुंचे। इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए काउंटरों में ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री जमा कराई गई। जिन ईव्हीएम का उपयोग नहीं किया गया उन्हें सीधे वेयरहाउस ले जाकर संधारित किया गया। मतदान दलों की वापसी के बाद विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मतदान केन्द्रवार संधारित की गईं। उम्मीदवारों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा प्रेक्षक की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील किए गए।

### *अधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी*

मतदान सामग्री जमा करने के बाद मतदान दल के सदस्यों को सेक्टर आफीसरों द्वारा निर्वाचन कार्य से मुक्त किया गया। मतदान दलों के लिए अधिग्रहीत बसों तथा अन्य वाहनों को भी मतदान दलों की वापसी के बाद क्रमशः मुक्त किया गया। इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूमों की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए विधानसभावार तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार तैनात किए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए एसडीएम हुजुर वैशाली प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### *चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी*

स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। जिला समन्वयक लोक सेवा प्रबंधक रविकांत पाण्डेय तथा उनके सहयोगी अधिकारियों द्वारा सीसीटीवी से निगरानी की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान सामग्री जमा होते समय सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम तथा प्रभारी अधिकारी सामग्री वितरण श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, नोडल अधिकारी ईव्हीएम आदित्य सिंह, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर एवं अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### *कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा*

रीवा लोकसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न होने के बाद इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन्हें सील बंद किया गया। इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभा क्षेत्र रीवा, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया, त्योंथर, देवतालाब, मऊगंज तथा मनगवां विधानसभा क्षेत्रों की सभी ईव्हीएम रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। अर्द्धसैनिक बल मतगणना होने तक स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को भी स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए इंजीनियरिंग कालेज में समुचित सुविधा दी गई है।

### *प्रत्याशी डिस्प्ले के माध्यम से रखेंगे नजर*

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे का डिस्प्ले ऐसे स्थान पर लगाएं जहाँ से उपम्मीदवार के प्रतिनिधि भी आसानी से देख सकें। सीसीटीवी कैमरे में इनवर्टर तथा जनरेटर से पावर बैक की सुविधा रखें जिससे किसी भी स्थिति में कैमरे बंद न हों। स्ट्रांग रूम के बाहर 24 घंटे राजस्व अधिकारी तैनात रहेंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए ईव्हीएम की सुरक्षा करें। इसमे किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, ईव्हीएम प्रभारी आदित्य सिंह, जिला प्रबंधक लोकसेवा रविकांत पाण्डेय तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एक दोस्त ने नशे की हालत में दूसरे दोस्त की ले ली जान, आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। दोनो सहपाठियों ने शनिवार की रात आपस में पहले जाम से जाम लड़ाया। नशे का शुरुर बढ़ा तो दोनो के बीच विवाद इतना बढ़ गया। कि एक दोस्त ने दुसरे दोस्त की इस कदर पिटाई कर दी कि दर्द से कराहते हुये 60 वर्षीय वृद्ध का दम निकल गया। यह घटना देवलोंद थाना क्षेत्र के ग्राम गाड़ा की बताई गई है। बहरहाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे सलाखों के अंदर भेज दिया है।देवलोद थाना प्रभारी डी के दाहिया ने घटना के संबंध में बताया कि शनिवार की रात ग्राम गांड़ा निवास रामखेलावन सिंह गोड पिता बालकरण सिंह 60 वर्ष घर के सामने रहने वाले कामता सिंह गोड के साथ शराब पीने सूनसान स्थान पर चले गये। जहाँ पर दोनो ने शराब का सेवन किया। जब




नशा चढ़ गया तो किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि लात व घूसों से उसने रामखेलावन सिंह गोंड की जमकर पिटाई कर दी। परिणाम स्वरूप उसके मुँह व नाक से काफी खून बहने लगा। मारपीट से घायल रामखेलावन किसी कदर गिरते पडते अपने घर पहुंचा जहाँ पर उसकी मौत हो गई। रामखेलावन के मौत की खबर परिजनो ने देवलोंद थाने की पुलिस को दिया पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे चिकित्सक नें बताया कि अत्यधिक चोंट लगने की वजह से रामखेलावन की मौत हुई है। जिस पर पुलिस गाड़ा पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई तो सच्चाई खुलकर सामने आ गई पुलिस ने आनन - फानन में आरोपी कामता सिंह गौड को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 302 का मामला कायम करके उसे सालाखों के पीछे भेज दिया है।



# सड़क पर बंधी रस्सी में फंसी बाइक, बाइक सवार पति की मौके पर मौत

## पत्नी गंभीर घायल, भगतबांध गांव की घटना

शहडोल/अनूपपुर। अनूपपुर के कोतवाली थाना के भगतबांध गांव में बाइक से गिरने से एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे में बाइक पर बैठी महिला भी घायल हुई है। पति-पत्नी अनूपपुर जा रहे थे। इस दौरान भगत बांध गांव में भागवत कथा स्थल पर गोबर से लिपाई की जगह पर लोगों ने रस्सी बांध दी थी। इस रस्सी को बाइक सवार देख नहीं पाया और फंस कर गिर गया। पुलिस ने बताया कि भगतबांध निवासी बाबूलाल पिता रामजियावान राठौर (55) अपनी पत्नी राधा राठौर के साथ बाइक से अनूपपुर जा रहे थे। गांव के कुछ एक व्यक्ति भागवत कथा के लिए बर्री से भगतबांध जाने वाले मुख्य मार्ग पर गोबर से की गई लिपाई को वाहनों बचाने के लिए एक रस्सी बांध दी। जिसे बाबूलाल देख नहीं पाया। रस्सी से टकराने पर पति-पत्नी बाइक से गिर गए। जिसमें पति के सिर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट आई। वहीं पत्नी भी गिरने से चोटिल हुई। जिन्हें उपचार के लिए ग्रामीणों जिला अस्पताल अनूपपुर लाए जहां डॉक्टर ने बाबूलाल राठौर को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जिला अस्पताल स्टाफ ने पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अज्ञात वृद्ध का मिला शव, केडिया पेट्रोल पंप के पास की घटना

शहडोल/अनूपपुर। अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 14 के पास शनिवार की देर शाम एक अज्ञात वृद्ध का शव मिला। नगरवासियों ने इसकी सूचना 100 डायल पुलिस को दी। इसके बाद शव वाहन से शव को जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया। पुलिस वृद्ध की शिनाख्त में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि शव से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला हैं। वृद्ध शनिवार की दोपहर से दुकान पास पड़ा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।




## जिला प्रशासन के सहयोग से लापता अमोल सिंह कंवर पहुचेगे घर, परिजनों में खुशी का माहौल



शहडोल। जिला प्रशासन शहडोल के सतत प्रयास से 10 वर्ष से लापता अमोल सिंह कंवर पिता नंद कुमार कंवर, निवासी गिरूईबड़ी, जयसिहनगर जिला शहडोल को दिल्ली से ढूढकर घर लाया जा रहा है, जिससे परिजनों में खुशी का माहौल है। श्रम निरीक्षक ने जानकारी दी है कि 25 अप्रैल 2024 को गुड़गांव हरियाणा से अज्ञात व्यक्ति नीरज द्वारा कलेक्टर तरुण भटनागर को एक व्यक्ति के संबंध में सूचित किया गया था कि वह अपने निज निवास वापस आने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर तरुण भटनागर के निर्देशानुसार शिकायतकर्ता से संपर्क करने पर पता चला कि श्रमिक अमोल सिंह कंवर पिता नंद कुमार कंवर, निवासी गिरूईबड़ी, जयसिहनगर जिला शहडोल के निवासी हैं और वे मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण पिछ्ले 10 वर्षो से भी अपने घर वापस नहीं आ पा रहे थे। उन्होंने बताया कलेक्टर तरुण भटनागर के निर्देश पर श्रमिक अमोल सिंह कंवर के परिवार से संपर्क होने पर उनके द्वारा तत्काल गुड़गांव प्रस्थान किया गया तथा श्रमिक अमोल सिंह कंवर को गुड़गांव हरियाणा से शहडोल वापस लाया जा रहा है।

# आतंक फैलाने वाले बाघ का रेस्क्यू कर भेजा संजय गांधी टाइगर रिजर्व

शहडोल। जिला प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को उस आदमखोर बाघ का रेस्क्यू कर लिया जो आए दिन ग्राम बोचरो एवं आसपास के रहवासियों के लिए खतरा बना था और उनके मवेशियों का शिकार करता था। संजय गांधी टाइगर रिजर्व के उपवन मंडल अधिकारी नरेंद्ररवि ने बताया कि शनिवार को शाम लगभग 5 बजे संजय गांधी टाइगर रिजर्व के तीन हाथियों एवं वन विभाग की रेस्क्यू टीम के द्वारा बाघ का रेस्क्यू किया गया है। बाघ ब्यौहारी क्षेत्र के कई गांव में आतंक का पर्याय बन चुका था, जिससे ग्रामीणों में भय एवं का माहौल बना हुआ था। एसडीओ रवि ने बताया कि ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के गोइंदर बीट में बाघ का रेस्क्यू किया गया है। बाघ का मूवमेंट अधिक था लेकिन रेस्क्यू टीम



द्वारा सर्चिंग किए जाने के दौरान बाग गोइंदर बीट में पाया गया जिसे टाइगर रिजर्व के तीन हाथियों की मदद से रेस्क्यू कर संजय गांधी टाइगर रिजर्व ले जाया गया है। बाघ के रेस्क्यू किए जाने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। और विभागीय अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पशु तस्करी कर ले जा रहे ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा, आरोपी फरार

शहडोल/अनूपपुर। अनूपपुर की कोतमा थाना पुलिस ने शनिवार को एक ट्रक तस्करी कर ले जा रहे 22 पशुओं को छुड़ाया। सूचना मिलने पर पुलिस वाहन का पीछा करने लगी, तभी ट्रक ड्राइवर ग्रामीण रास्ते से भागने का प्रयास करने लगा। इस दौरान बैलगाड़ी से टकराकर ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गया। आरोपी पशुओं को क्रूरता पूर्वक ले जा रहें थे। ट्रक में ही एक जानवर की मौत हो गई। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन (एमपी 09 एचजी 2400) को जब्त कर थाने लाकर आरोपी वाहन चालक और मलिक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा-11 के तहत मामला दर्ज किया। ग्रामीण रास्ते में पुलिस को चकमा देकर भागने के दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद वाहन चालक सहित अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब्त वाहन को थाने में खड़ा कराया। साथ ही मवेशियों को कांजी हाउस के सुपुर्द किया। घेराबंदी के दौरान वाहन चालक ने निगवानी, रेउसा तरफ वाहन को तेज गति से दौड़ाते हुए रास्ते में एक बिजली के पोल और घर को भी तोड़ दिया। बिजली पोल टूटने से रेउसा गांव में अंधेरा छाया रहा, जिसको लेकर विद्युत विभाग के ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई।



## पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत रविवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बकहो कुदरा टोला में कुछ व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर जुआडियान नं0 01.राकेश दुबे पिता केदारनाथ दुबे, 02. ओमप्रकाश यादव पिता गजाधर यादव, 03.विनोद साखी पिता चन्द्रप्रसाद साखी एवं 04. अमित कोल पिता बाबूलाल कोल सभी निवासी अमलाई के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 5400 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बुढार क्षेत्रांतर्गत शनिवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जैतपुर तिराहा बुढार में एक व्यक्ति हारजीत का दाव लगाकर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर बुढार पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी राकेश कुमार वर्मा पिता राजीव वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बुढार के कब्जे से सट्टा पर्ची, पेन एवं 430 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## बिना हेलमेट-सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा शनिवार को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 148 चालानों में 66,200/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## मेंटरशिप विधा के माध्यम से नव प्रशिक्षित आरक्षकों को थाने की विशेष कार्य प्रणाली बढ़ाने हेतु 1 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया



शहडोल। मध्यप्रदेश पुलिस प्रशिक्षण शाखा द्वारा आरक्षक संवर्ग में प्रशिक्षण व सिखलाई को और बेहतर करने के लिए शोध कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के नेतृत्व में पुलिस प्रशिक्षण शाखा भोपाल की टीम निरीक्षक ज्योति शुक्ला एवं निरीक्षक करण सिंह मरावी द्वारा शनिवार को विराट सभागार शहडोल में जिला शहडोल के नव प्रशिक्षित आरक्षकों को उनकी थाने की विशेष कार्य प्रणाली में रूझान विकसित कर उनके कार्य सम्पादन के स्तर को वरीयता प्रदान करते हुए उनके कार्य करने की क्षमताओं को वढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस मेंटरशीप प्रोग्राम के माध्यम से थाने में ही पदस्थ अनुभवी आरक्षक, प्रधान आरक्षक एवं एएसआई स्तर के अधिकारी/कर्मचारी नवागत प्रशिक्षित आरक्षक को दैनंदिनी कार्य में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे तथा उन्हे एक् सशक्त तथा जिम्मेदार कर्मचारी बनाने में सहायता प्रदान करेंगे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में थाना देवलोंद, ब्यौहारी, गोहपारू, बुढार, धनपुरी एवं खैरहा से अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# थाना कार्यालय जनसुनवाई






औरैया 28 अप्रैल।पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर जनपद औरैया के थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों पर उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उन्हे न्याय का भरोसा दिलाते हुये गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

### दो पहिया वाहनो की गई चेकिंग

औरैया 28अप्रैल पुलिस अधीक्षक श्रीमती चारू निगम के निर्देश पर जनपद औरैया के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में संदिग्ध चार पहिया, दो पहिया वाहनों की विशेष सघन चेंकिंग अभियान चलाया गया गया जिसमें औरैया पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### शांति भंग में 9 गिरफ्तार

औरैया 28 अप्रैल।जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों से 9अभियुक्तों को गिरफ्तार कर धारा 151 [illegible] के तहत चालान किया गया।

# रेलवे ने स्टेशनों पर चलाया अनाधिकृत वेंडर्स के खिलाफ अभियान, 4 दर्जन पकड़े

मथुरा। अनाधिकृत हॉकर व वेंडरों के खिलाफ रेलवे ने अभियान चलाया जिसमे आगरा कैंट पर 37 अनाधिकृत वेंडर्स और आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन पर 09 अनाधिकृत वेंडर्स कुल 46 अनाधिकृत वेंडर्स को रेल सुरक्षा बल को सुपुर्द करने की कार्यवाही की है। मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद के निर्देशन में रेलवे स्टेशन के अलावा चलती ट्रेनों में अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य खराब गुणवता की खाद्य सामग्री ओवर चार्जिंग पर रोक लगाना है खासकर लंबी दूरी के महत्वपूर्ण ट्रेनों में पैंट्री कार की सुविधा उपलब्ध है परंतु स्थानीय वेंडर उन ट्रेनों में अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेचते हुए पाए जाते है। इसके तहत स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए



खानपान इकाईयों पर उचित मूल्यों पर पानी एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध हो स इसकी निगरानी के लिए सभी पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया है।

खानपान इकाइयों का गहन निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्रियों के साथ ओवर धार्जिग जैसी घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

वाणिज्य स्टाफ द्वारा स्टेशन पर खाने की गुणवत्ता की जांच बिल नहीं तो भुगतान नहीं कैशलेस खाना आदि के बारे में भी यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया की रेलयात्रियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशन पर कार्यरत फेरीवाले व अवैध वेंडरों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही जिससे की खराब गुणवता की खाद्य सामग्री ओवर चार्जिंग पर रोक लगायी जा सके रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे अधिकृत वेंडर एवं हॉकर्स से ही खाने-पीने की वस्तुएं खरीदें।

## कटे फटे नोट बदलने वाली दुकान हुई लाखों की चोरी का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कटे फटे नोट बदलने वाली दुकान से लाखों की चोरी करने वाले आरोपित को पकड़ा है। आरोपित से पुलिस ने 39 हजार 500 रुपए बरामद कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

होलीगेट स्थित कटे फटे नोट बदलने वाली दुकान में एक लाख से 35 हजार रुपए की हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने पटाक्षेप कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में रविवार कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी, बंगाली घाट चौकी प्रभारी नितिन त्यागी ने मुखबिर की सूचना पर जीआईसी कालेज के गेट से करीब 15 कदम कृष्णापुरी की तरफ से शातिर राहुल पुत्र मुंसी निवासी एटा को पकड़ा है, उसके कब्जे से 39 हजार 500 रुपए बरामद किए है। कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि आरोपित ने पूर्व में दुकान से एक लाख 35 हजार की चोरी की थी पुलिस को काफी समय से इसकी तलाश थी। मुखबिर की सूचना पर इस शातिर को पकडा उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 39 हजार 500 बरामद हुए है। पकड़े गए आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर व्यापार, खेती

## –रोकथाम को जिम्मेदार महमूदाबाद तहसील प्रशासन बना अनजान

धीरज नाग महमूदाबाद संवाददाता
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
महमूदाबाद/सीतापुर।

शत्रु संपत्तियों का लेखा-जोखा रखने से लेकर उसकी निगरानी तक में तहसील प्रशासन विफल साबित हो रहा है। तहसील प्रशासन की इसी शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ही अवैध कब्जे में फसी शत्रु संपत्तियों पर अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी का कार्य भी बेखौफ तरीके से चल रहा है।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के वार्ड शहजानी में करीब डेढ़ साल पूर्व शत्रु संपत्ति पर मकान बना लेने की शिकायत पर ढहाने की कार्रवाई भी हुई थी। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में आने वाली बरदही बाज़ार, लखपेड़ा बाग समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न जगहों में तमाम भू संपत्ति व खाली ज़मीन शत्रु संपत्तियों में दर्ज है। उनकी देखभाल व निगरानी में बढ़ती जा रही उदासीनता व उपेक्षा के चलते गांव क्षेत्र की इन कृषि योग्य जमीनों पर कब्जा कर लोगों ने अवैध अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी करना भी शुरू कर दिया है। लखपेड़ा बाग और नगर की बरदाही बाज़ार जो कि अभिलेखों में दर्ज शत्रु संपत्ति है। इस पर काफी अतिक्रमण है। हैरत कि बात तो यह है कि बेखौफ लोग यहां मवेशियों की ख़रीद फिरोक्त करते हैं। ऐसे कई अन्य स्थानों पर खाली





पड़ी शत्रु संपत्ति की जमीन पर भी बीते कई सालों से खेती की जा रही है। जबकि शहजानी मोहल्ले में खाली जमीनों पर कब्जे के बाद इनकी प्लाटिंग कर मोटी कीमत पर बेचने का धंधा भी तेजी से पनप रहा है। हालांकि कुछ मा पूर्व तत्कालीन एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया था कि शत्रु संपत्ति में दर्ज भू संपत्तियों व जमीनों का सर्वे कार्य चल रहा है। इसके पूरा होते ही विस्तृत जानकारी के साथ ही अवैध कबजेदारों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई तय होगी।

### सीबीआई ने भी मांगे थे अभिलेख

पुलिस निरीक्षक सीबीआई एसीबी लखनऊ अमित कुमार की ओर से शत्रु संपत्ति के ऐसे खाता संख्या का विवरण भी प्रशासन से तलब किया गया था, जिन्हें पट्टे पर दिया गया है। सूचना में ऐसी संपत्ति को पट्टे पर देने के लिए वार्षिक किराए के निर्धारण के नियम व प्रावधान के साथ ही शत्रु संपत्तियों से प्राप्त आय का भी लेखा-जोखा मांगा गया था। जिला प्रशासन ने इसे लेकर शत्रु संपत्ति मामले की सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे अधिवक्ता अजीत चंद्रा से भी राय मांगी थी।

### *डेढ़ वर्ष पूर्व केंद्र से जारी निर्देश, अनुपालन अब तक नहीं*

जिले में शत्रु संपत्ति के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सीईपीआई (भारत के लिए शत्रु संपत्ति का संरक्षक- कस्टोडियन ऑफ इनेमी प्रॉपर्टी फॉर इंडिया ) 10 मई 2022 को निर्देश दिए थे कि कृषि योग्य एवं खाली जमीनों को कब्जा मुक्त करें। पुलिस या अन्य किसी सरकारी विभाग के प्रयोग में लाई जाने वाली शत्रु संपत्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजें।

### *जिम्मेदारों के नहीं उठते फोन*

मामले को लेकर जब एसडीएम शिखा शुक्ला को फोन किया गया तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा। जिसके बाद तहसीलदार सुरभि रॉय के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका भी फोन नहीं उठा। हलंकि तहसीलदार का फोन तो यादाकदा उठता है। मगर एसडीएम तो फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझती। इससे पहले भी बंजर की भूमि पर कब्जा कर फसल काटने को लेकर रिकवरी के लिए उपजिलाधिकारी को फोन किया गया था। उस वक्त भी उनका फोन नहीं उठा था।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में तीन छात्रों ने परीक्षा को उत्तीर्ण कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर ।सत्र 2024-25 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में श्री स्वामी दयाल जूनियर हाई स्कूल बेनी सराय के तीन छात्रों ने परीक्षा को उत्तीर्ण कर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है । छात्रों में विराज गौड पुत्र नाम ओमकार रोल नंबर 31243205025 रैंक 26 प्राप्त कर 105 अंक प्राप्त किये ,

दीपू पुत्र छोटन्न रोल नंबर 31243207026 रैंक 38 प्राप्त कर 92 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे , अंश पुत्र राम किशोर रोल नंबर 31243203164 रैंक 46 प्राप्त कर 84 अंक प्राप्त किये , भारत सरकार की इस छत्रपति योजना में प्रत्येक छात्र-छात्रा को प्रतिमाह ?1000 दिए जाते हैं, जिससे वह अपनी आगे की शिक्षा जारी रख सके ।इस परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राओं को 9 से 12 तक छात्रवृत्ति दी जाती है इस परीक्षा को पास करने में मार्गदर्शन देने




वाले विद्यालय प्रधानाचार्य ओमप्रकाश वर्मा , शिक्षक पवन कुमार ,रोहित वर्मा ,राम लखन मिश्रा, एवं समस्त स्टाफ ने किया ।इन छात्रों ने विद्यालय तथा अपना नाम रोशन करके विद्यालय को उन्नति के मार्ग पर ले जाने का काम किया है। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

इस परीक्षा में राजकीय /सहायता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए आयोजित की जाती है ।परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को कक्षा 9,10,11,12 की पढ़ाई जारी रखने के लिए भारत सरकार प्रतिमाह 1000 - 1000 देती है जिससे वे अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।

## वार्षिक परिक्षाफल वितरित किया गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर। कस्बे के मोहल्ला मियां गंज मे स्थित इरम मांटेसरी स्कूल का वार्षिक परिक्षाफल वितरित किया गया। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। केजीए मे शबीला खातून ने प्रथम, हाशिम रजा ने द्वितीय अबुजर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 मे अलशिफा ने प्रथम अजका ने द्वितीय व गौसिया रजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 मे हसनैन रजा ने प्रथम व हसनैन अंसारी ने द्वितीय कक्षा 3 मे फ़ायका अंसारी ने प्रथम कक्षा 4 मे अरशिया ने प्रथम स्थान, कक्षा 5 मे फिरदौस ने प्रथम स्थानस्थान प्राप्त किया। प्रबंधक सय्यद हुसैन कादरी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की तथा उन्हे पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या निदा सिद्दीकी, अध्यापक हस्सान रजा को, महजबीं, जमशीदा, नोशीन, फरजाना, आफरीन, तूबा समेत अभिभावक मौजूद रहे।



## एल्डीएमटी लो डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर - जेसीआई बिसवा एलीट ने एल्डीएमटी लो डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन एल्पिस ग्लोबल स्कूल में किया किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जे.एफ.एम. पल्लवी सिंह ने प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया। प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया गया जो प्रशिक्षण की महत्वता को सुनिश्चित करने के लिए थे। स्थानीय संगठन के व्यवस्थित कार्य को सुनिश्चित करने के लिए। बैठक में जेसीआई बिसवा एलीट के अध्यक्ष जेसी अजीत श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रशिक्षण जेसीआई के कार्य के बारे में जानकारी देता है और समाज में सकारात्मक प्रभाव को बढता है। प्रशिक्षक पल्लवी सिंह ने सभी को यह सिखाया कि वे समाज में कैसे परिवर्तन ला सकते हैं । साथ ही किसी भी कार्य को करने के लिए मिलजुल कर कार्य को करना चाहिए जिससे वह सफलता पूर्वक संपन्न हो जाता है। बैठक में सचिव जेसी आयुष नाथ सिंह कोषाध्यक्ष अंकित बंसल, हिमांशु नाथ सिंह, मुदित सिंघल, वंश मेहरोत्रा, सनी श्रीवास्तव, पंकज मध्वानी, अर्चना श्रीवास्तव मौजूद थे।




## गेहूं काट रहे किसान पर तेंदुए ने किया हमला

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

रेउसा ,सीतापुर ।रेउसा के ग्राम कोठरी के मजरा नारायणपुर निवासी रामबकाश पुत्र बुद्ध को को उसे समय घायल कर दिया, जब वह गेहूं की कटाई कर रहा था ग्रामीणों की मदद से तंदुआखदेड़ा गया जिससे वह एक झाड़ी में छुप गया वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद थी वन विभाग की टीम द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व्यवसा ए लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है वन विभाग की टीम द्वारा उसको पकड़ने के भारी प्रयास किया जा रहे हैं वन विभाग की टीम द्वारा पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है



## शिक्षा बहुत जरूरी है आधी रोटी खाएं पर बच्चों को जरूर पढ़ाए : राणा प्रताप सिंह

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

महमूदाबाद, सीतापुर । तहसील महमूदाबाद के विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासुरा मेन हाइवे रोड से सौ मीटर की दूरी पर पक्का तालाब आर पी चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रबंधक राणा प्रताप सिंह का कहना है की कितनी भी आंधी तूफान व अड़चने आए मेहनत करके किसी तरह से अपने बच्चो को जरूर पढ़ाए जब बच्चे पढ़ेंगे तभी देश बदलेगा बेटियो को भी जरूर पढ़ाए देश में बेटियो को कितना स्पोर्ट मिल रहा है बेटियां दो घरों को रोशन करती है बेटियों को बोझ न समझे बेटियो को आगे बढ़ाने में सहयोग करे इस विद्यालय में कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र से बच्चे पढ़ने आते हैं जो बच्चे पढ़ना चाहते है और अभिभावक कितना सक्षम नहीं है कहीं ना कहीं परेशानियां है उन बच्चों को निशुल्क पढ़ाने की कोशिश करता हूँ किसी तरह बच्चे जरूर पढ़ें इस उद्देश्य से शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखे थे की कही कोई अनपढ़ न रहे यह भी बताया स्कूल में पढ़ाने के साथ साथ खेल कूद भी कराया जाता है अच्छे अध्यापक जो कड़ी मेहनत के साथ बच्चो को पढ़ाते है समय समय पर उनको सम्मनित भी किया जाता है। खेल प्रतियोगिता में बच्चे पार्टिसिपेट करते है छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं बच्चे पढ़ें आगे बढ़े राणा प्रताप सिंह प्रबंधक आर पी चिल्ड्रेन एकेडमी रामपुर बासुरा अभिभावक बैठक में कही।

## नालियों की सफाई सिर्फ खानापूर्ति,

शैलेश त्रिवेदी लहरपुर संवाददाता /दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

लहरपुर सीतापुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत टकेली में नालियों की सफाई सिर्फ खानापूर्ति समस्या जस की तस नाली के सफाई सही तरीके से नहीं की जाती है जिसकी वजह से नालियां जाम होकर ऊपर से बहती हैं और गंदा पानी रास्ते पर बहता है सफाई कर्मी आते हैं तो सिर्फ खाना पूर्ति करके चले जाते हैं नालियों को साफ करने के बाद कचरा पास में ही रख दिया जाता है जिसके चलते संक्रमित बीमारियों का भय बना रहता है हैरानी के बात तो या है कि सख्त दिशा निर्देश के बावजूद भी स्वच्छ भारत मिशन की उड़ाई जा रही धज्जियां ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी की मनमानी के चलते ज्यादातर गांव की नालियां अवरुद्ध रहती है इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से बात करने प्रयास किया तो फोन नहीं रिसिब हुआ ।

# नगर पालिका परिषद विसवां द्वारा किया जा रहा बिजली का दुरुपयोग

## जिम्मेदारो की लापरवाही से मुख्य चौराहे पर लगी मरकरी 24 घण्टे लगातार जल रही है

हरीशंकर गुप्ता विसवां संवाददाता

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर- भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। ऐसी स्थिति मे बिजली की ट्रिपलिंग भी आम बात है।जानकार बताते है कि गर्मियों के दिनों मे बिजली खपत बढ़ जाती है।जिससे कही विद्युत तार दग जा रहे है।तो कही ट्रांसफर फुक जाने के चलते नगर के बाशिंदो को घंटो बिजली सप्लाई नही मिल पाती है।लोगो को पसीने पसीने होना पड़ता है। जिम्मेदार अपने कार्यालयों मे बैठ कर ठंडी हवा खाते हुए देखे जाते है। पड़ रही भीषण गर्मी मे जहां अधिक बिजली की आवश्यकता होती है वही विद्युत पोलो पर उजाले के लिए लगाई गयी मरकरी लाइट दिन मे भी नगर को रोशन करती रहती है ।देश के प्रधानमंत्री ने आम जन मानस से कभी अपील की थी कि यदि आप अपने घर के बाहर निकलते है तो विजली का स्विच आफ कर दे और देश की ऊर्जा को बचाने मे अपना सहयोग दे ताकि सभी घरों को विजली मिल सके और देश की विजली ऊर्जा को बचाया जा सके।यदि आपने ऐसा किया तो आने वाले दिनों मे देश से की समस्या से जहाँ मुक्ति मिलेगी वही देश सुखी और समृद्ध शाली होगा । जिसका लाभ



देश के सुन्दूरवरती गावों मे रहने वाले परिवार भी उठा पायेगा और वह भी विकास की मुख्य धारा मे शामिल होकर खुशहाल होगे। तभी रामराज्य की संकल्पना सकार होगी।प्रधानमंत्री की इस अपील का जिम्मेदारों पर कितना असर है यह मुख्य चौराहे पर जलती मरकरी से अनुमान लगाया जा सकता है।आखिर कार जिम्मेदारों की नजर इस पर क्यो नहीं पड़ती जब कि यहाँ से तहसील एवं जिले के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों का दिन मे निकलने का सिलसिला लगातार बना रहता है। इसके बावजूद दिन मे जलती मरकरी लाइट से न लेना है न ही देना है।न ही प्रधानमंत्री की अपील का असर देखने को मिल रहा है। क्या दिन मे जलती नगर के विद्युत पोलो मे लगी मरकरी लाइटो से सचमुच मे रामराज्य आ गया है।

बोले जिम्मेदार- दिन मे नगर के विद्युत पोलो पर लगी मरकरी लाइटो के जलने के सवाल पर अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड बिसवां बोलो हमारा इस लाइट से कोई लेना देना नही है।यह नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी होती है ।वही यह लाइट लगाते है उनको स्विच देना चाहिए और दिन मे उसे बंद करने की व्यवस्था करनी चाहिए। हमारे विभाग की और से कहा भी जाता रहा है।

### नही उठता फोन–

वही अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को उनके फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नही उठाया जिससे उनके पक्ष को नही लिखा जा सका। वैसे भी वह आम जन मानस का फोन नही उठाते ऐसा नगर मे प्रबुद्ध वर्ग मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

# धरातल पर कार्य होने पर ही होगा भुगतान -बीडीओ ऐलिया




### श्रमिक फर्जी हाजिरी घोटाले पर बीडीओ ने जारी की सम्बंधित को नोटिस

अनिल कुमार ऐलिया संवाददाता /दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

ऐलिया सीतापुर । जनपद में चल रहे फर्जी श्रमिक हाजिरी घोटाले की लगातार खबरो के प्रकाशन को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखने लगा है , जिसकी पहल विकास खण्ड अधिकारी ऐलिया शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा की गई । खण्ड् विकास अधिकारी द्वारा समाचार पत्र में विकास खण्ड की ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर में फर्जी श्रमिक हाजिरी को गम्भीरता से लेते हुए मनरेगा कार्यो में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए सम्बंधित को नोटिस जारी की गई जिससे विकास खण्ड् में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार




को जड़ से खत्म किया जा सके , ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर की नोटिस जारी होने के बाद विकास खण्ड् क्षेत्र में मनरेगा में फर्जी श्रमिक हजारी लगाने वाले भ्रष्टाचारियों में हड़कम्प मच गया, ।

बताते चले कि दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान के पेज न0 9 में विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत परेवा धेनापुर में मनरेगा कार्यो में फर्जी हाजिरी के लिए *केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में मची है लूट* शीर्षक खबर प्रकाशित की गई थी खबर प्रकाशन के बाद खण्ड् विकास अधिकारी ऐलिया ने उक्त ग्राम पंचायत की ग्राम पंचायत अधिकारी शिखा शुक्ला व ग्राम रोजगार सेवक कृष्ण पाल यादव को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है, दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर मास्टर रोल शून्य करने के साथ साथ जिम्मेदारो पर मनरेगा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने की भी चेतावनी दी है।

भ्रष्टाचार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी, सभी का सहयोग रहा तो विकास खण्ड ऐलिया में भ्रष्टाचार जल्द ही खत्म होगा ,धरातल पर कार्य होने पर ही होगा भुगतान ।

**शैलेन्द्र कुमार सिंह**
**बीडीओ ऐलिया सीतापुर ।**



## राकेश राठौर को सासंद बनाने का लिया गया संकल्प

अमित यादव सीतापुर /दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । इंडिया गठबंधन लोकसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक राकेश राठौर आज बिसवां विधानसभा के ग्राम अहिरातालो मे सुन्दर लाल भार्गव व अशोक यादव जी के वहां सम्मानित साथियों के साथ बैठक कर उनका कुशलक्षेम जाना और आगामी लोकसभा चुनाव के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की ! इस दौरान बैठक में आये हुए सभी समर्थको ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर को जीता कर सीतापुर से सांसद बनाने का दृढ संकल्प किया।

जन सभा के दौरान राकेश राठौर ने भाजपा प्रत्याशी व केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि चार बार सीतापुर से सांसद रह चुके है उसके बावजूद आज भी स्वास्थ सेवाएं बदहाल अवस्था मे है, अस्पतालों में मरीजों को किसी भी प्रकार की सुविधाए मुहैया नही हो रही है, रोजगार उलपब्ध कराने में नाकाम रहे है आज भी क्षेत्र का युवा वर्ग अन्य प्रांतों में जाकर मज़दूरी करने को मजबूर है, वही राकेश राठौर ने केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि दो बार के किये हुए अपने वादों को ये पूरा नही कर पाए है एक बार फिर ये जनता को अपने नये वादों के जाल में फसाने का काम रहे है लेकिन आपको फसाना नही है और जब भी ये वोट मांगने आये तो सवाल जरूर करना है कि महंगाई कम क्यो नही हुई है, प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरी क्यो नही मिली, किसान की आय दुगनी क्यो नही हुई।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड, 25,000/-रु. का इनामिया अपराधी गिरफ्तार

### *कुल 04 अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध तमंचे,कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध शस्त्र निर्माण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिये गये है।

दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीण रंजन के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिधौली आलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना कमलापुर पुलिस टीमङ्कउ0नि0 नरेन्द्र कुमार द्विवेदी, उ0नि0 तेज बहादुर सिंह, का0 आकाश कटियार, का0 दीपक व का0 अनुज

द्वारा चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए 25,000/-रुपये के इनामिया शातिर अपराधी सन्तोष मौर्या पुत्र कल्लू नि0 सरौरा कला थाना कमलापुर जनपद सीतापुर को सरौरा कला गांव से पश्चिम की ओर पूर्वी वन खण्ड जंगल की ओर से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त संतोष उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तंमचा




315 बोर, एक अदद कारतूस मिस (निर्मित) तथा अवैध शस्त्र फैक्ट्री जिसमें तीन अदद तमंचा अर्द्धनिर्मित दो अदद नाल 12 बोर एक अदद नाल बनाने के पाईप एवम् भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए । अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर अंतर्गत धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी गिरफ्तार*

लहरपुर सीतापुर । सुशील कुमार यादव के नेतृत्व में थाना मानपुर पुलिस टीम थाना मानपुरःङ्कथानाध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे,आरक्षी विनीत सिंह.आरक्षी अमित मांगट.आरक्षी प्रवेश कुमारद्वारा मु0अ0सं0 196/2024 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर थाना लहरपुर में वांछित अभियुक्त इस्लामुद्दीन पुत्र छोटन्न निवासी ग्राम नेवादा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में गिरोह बनाकर दुष्कर्म/चोरी/नकबजनी जैसे आपराधिक कृत्य में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# कांग्रेस की न्याय योजना देश में आमूलचूल परिवर्तन लायेगी - कांग्रेस



***युवा व्यवसायी राजीव कसौधन सहयोगियों संग कांग्रेस के हमराह हुए***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। कांग्रेस पार्टी की न्याय योजना में युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और किसानों के हित की बातें निहित है उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाम रसूल ÷छोटू÷ ने युवाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कांग्रेस की न्याय योजना देश में आमूलचूल परिवर्तन लायेगी।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, सुखीलाल वर्मा, नगर अध्यक्ष अकबरपुर राजेश प्रजापति ने कहा कांग्रेस पार्टी में सभी का हित निहित है।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ÷बब्लू÷ ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की न्याय यात्रा और न्याय योजना से प्रभावित होकर व्यवसायी राजीव कसौधन अपने सहयोगियों वीरेंद्र कुमार राजभर, पंकज राजभर क्षेत्र पंचायत सदस्य, संजय राजभर, संतोष राजभर प्रेम राजभर रवि राजभर के संग आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस के हमराह हो गये।

# भगवान रामलाला के भव्य मंदिर में विराजमान देखना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य :स्मृति ईरानी




***स्मृति ईरानी ने प्रभु श्री रामलला का दर्शन पूजन किया***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या।नामांकन से पहले केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी स्मृति ईरानी रविवार को अयोध्या पहुंची। इस मौके पर स्मृति ईरानी ने प्रभु श्री रामलला का दर्शन पूजन किया वहीं उन्होंने हनुमान गढ़ी जाकर माथा भी टेका। इसके साथ ही रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से उनके मठ छोटी छावनी पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा की इस निष्ठा और नियम पुरुषार्थ और प्राक्रम की भूमि धर्म और पुरुषार्थ की नगरी अयोध्या आकर प्रभु की चरणों में सनातन की विजय पताका फहराते हुये देखना हर किसी सनातनी को अच्छा लगता है। और भगवान रामलाला के भव्य मंदिर में विराजमान देखना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। संतो का आशीर्वाद पाना और अपने आराध्य को देखना सबसे बड़ा पुण्य है स्मृति ईरानी आज नामांकन करेंगी।

# मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन के विरुद्ध दिया शपथ पत्र


भारतीय गैर न्यायिक
दस रुपये
TEN RUPEES
INDIA NON JUDICIAL
उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH
मैं शपथकर्ता की हैसियत से ब्यान करता हूं कि शपथ पत्र की धारा 1 सत्य है। इसमें कोई तथ्य छुपाया नही गया है।
हस्ताक्षर शपथी
मैं श्री शाहिद मुनीर सिद्दीकी को जानता पहचानता हूं इन्होने मेरे सामने हस्ताक्षर किये है।
Sworn And Verified before me

***शपथ पत्र पर 10 रुपया खर्चा कर दिया है यदि इसके बाद कार्यवाही न की तो नियुक्ति विभाग के विरुद्ध कोर्ट जाएंगे- शाहिद मुनीर सिद्दीकी***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर ।मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन के विरुद्ध शाहिद मुनीर सिद्दीकी द्वारा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर उत्तर प्रदेश शासन को दी गई शिकायत के संबंध में कार्यवाही के लिए नियुक्त विभाग उत्तर प्रदेश ने शाहिद मुनीर सिद्दीकी को लिखित में निर्देश दिया था कि अपनी शिकायत के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत करें इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी। शाहिद मुनीर सिद्दीकी ने बताया कि पहले तो उन्होंने शपथ पत्र देने से इनकार कर दिया लेकिन कार्रवाई करवाना आवश्यक समझकर 22 अप्रैल 2024 को उप सचिव नियुक्ति विभाग उत्तर प्रदेश को मिलकर शपथ पत्र एवं शिकायत के सारे सबूत प्राप्त करा दिए। शाहिद मुनीर सिद्दीकी का कहना है कि अब उन्होंने शपथ पत्र पर 10 रुपया खर्चा कर दिया है यदि इसके बाद कार्यवाही न की तो नियुक्ति विभाग के विरुद्ध कोर्ट जाएंगे।

# गेहूं खरीद के लिए बढ़ाए गए आधा दर्जन केन्द्र

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**



अम्बेडकर नगर। किसानों की सुविधाओं के दृष्टिगत अकबरपुर तहसील क्षेत्र में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अनुमोदन पर आधा दर्जन केन्द्र बढ़ा दिए गए हैं। गेहूं खरीद के संचालकों को शीघ्र संचालन करने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े।जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि खाद्य विभाग से सम्बद्ध पंजीकृत सहकारी समिति के छह केन्द्र संचालित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कृषि विपणन सहकारी लिमिटेड दुल्लापुर प्रतापपुर चमुर्खा का केन्द्र मरथुआ सरैया, किसान सेवा एवं विपणन सहकारी समिति लिमिटेड मिश्र का पूरा का केन्द्र रोशनगढ़ जलालपुर मार्ग, कृषि विपणन सहकारी समिति लिमिटेड पीरपुर लोरपुर का केन्द्र समैसाखाम, प्राथमिक कृषि विपणन सहकारी समिति लिमिटेड अटंगी का केन्द्र सैदपुर भितरी, फार्मर डेबलपमेंट सोसाइटी लिमिटेड का अलावलपुर एवं एफपीओ का कर्मशील फार्मिंग प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड जगदीशपुर जमुनीपुर का सिझौली मंडी में संचालित कर दिया गया है। आधा दर्जन गेहूं का केन्द्र बढ़ाए जाने से अब केन्द्रों की संख्या बढ़कर 93 हो गई है। उन्होंने बताया कि किसान असुविधा होने पर कन्ट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



# नाबालिक को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को भेजा जेल

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। संबंधित घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़ित भाई का आरोप था उसकी बहन काल्पनिक नाम पूजा उम्र लगभग 14 वर्ष बीते 11 अप्रैल की सुबह लगभग पाँच बजे शौच के लिए बाहर गई थी। जनपद जौनपुर के सरपतहा थानाक्षेत्र अंतर्गत चिलबिली गाँव निवासी सूरज वर्मा पुत्र त्रिवेणी वर्मा बहला फुसलाकर अगवा कर लिया था। भुक्तभोगी की तहरीर पर मालीपुर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया था। तभी से अरोपी युवक फरार चल रहा था। पुलिस में तत्सम लड़की को बरामद कर मेडिकल प्रशिक्षण करने के बाद संबंधित मुकदमे में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा की बढ़ोत्तरी की थी। शनिवार सुबह मालीपुर पुलिस ने मुखविर की सूचना पर आरोपी युवक को सुरहुरपुर तिराहे से करीब आठ बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## *ग्राम प्रधान को नहीं मिल रहा न्याय, थाने के चक्कर लगाकर हो रहे परेशान

*आखिर किस मजबूरी के आगे घुटने टेक रहे हैं यह सब रहस्य*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के विकास खण्ड बसखारी ग्राम पंचायत हरैया थाना बसखारी महमदपुर रामदीन सिंहपुर में अंबेडकर ग्राम योजना के तहत आरसीसी नाली बनवाई गई थी आज वह वर्तमान समय में जगह-जगह से टूटकर बिखर गई हरैया ग्राम प्रधान ने उसे नाली को रिपेयर करने के लिए योजना एवं एम.बी बनवाई लेकिन कुछ ग्रामसभा के दबंग व्यक्तियों ने रिपेयर करने से रोक रखें है । हरैया ग्राम प्रधान ने थाना बसखारी में लिखित शिकायत देकर सरकारी काम में बाधा डालने वाले के ऊपर कारवाई करने की मांग की लेकिन रसुख दार थानाध्यक्ष ग्राम प्रधान को दौड़ाते रहे जब ग्राम प्रधान को हाथ निराशा लगी तो टांडा एसडीएम लिखे शिकायत दे नाली निर्माण में हो रहे अवरोध उत्पन्न करने वाले के खिलाफ गुहार लगाई टांडा एसडीएम ने थाना बसखारी को आदेश किया लेकिन एसडीएम के आदेश को ताक पर रखकर प्रधान को दौड़ा रहे आखिर क्या किसी बड़े घटना का इंतजार कर रहे हैं थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह सवाल यह कि ग्राम प्रधान के साथ ऐसा कर रहे हो तो बताओ तो आम जनता के साथ क्या रवैया अपनाते होंगे यह तो जनता ही जानती होगी कहीं ना कहीं देखा जाए तो थानाध्यक्ष संत कुमार की करतूत से प्रधान परेशान है। आखिर किन कारणों से ग्राम प्रधान के द्वारा जनता के कार्य को लेकर न्याय दिलाने में थाना प्रभारी शून्य नजर आ रहे हैं आखिर किस मजबूरी के आगे घुटने टेक रहे हैं यह सब रहस्य बना हुआ है।

# ब्लॉक टांण्डा सरकारी आवास की शिकायत करने पर भड़के अनिल राय जे वीडियो .... मेरे डीएनए में नहीं है भ्रष्टाचार एवं दलाली

## अम्बेडकर नगर पुलिस अधीक्षक टाण्डा विकासखंड में बने सरकारी आवास की जांच करने की जरूरत

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। जनपद के विकास खंड परिसर टांडा में अधिकारियों कर्मचारियों के लिए बनाए गए सरकारी आवास में अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से रह रहे हैं बाहरी लोग।

ब्लॉक के बाहर चाय की दुकान पर लोगों ने बताया कि कुछ तो नशे के कारोबारी भी रहते हैं।

जब एक मिडिया द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके जानकारी मांगी कि कौन-कौन से कर्मचारी सरकारी आवास में रह रहे हैं शिकायत का निस्तारण अनिल राय जे वीडियो के द्वारा किया गया।

जब मिडिया द्वारा अनिल राय की जे वीडियो से निस्तारण के बारे में जानकारी ली 440 बिजली का झटका लग गया।

***मीडिया का सवाल बस इतना ही था***

मीडिया कर्मी ने पूछा हमने एक शिकायत किया था सरकारी आवास जो बने हैं हुए हैं उसमें कौन से कर्मचारी रह रहे हैं। रिपोर्ट में लगाया है जिन लोग रह रहे हैं

*मीडिया कर्मी ने पूछा जिन लोग यह कोई गिनती है या किसी का नाम है कर्मचारी का*

इतने में अनिल राय जे वीडियो को 440 वोल्ट का झटका लग गया और उन्होंने कहा क्या क्या मीडिया का यही सवाल है आप मीडिया है मीडिया का ऐसा सवाल नहीं होता है प्रश्न यह है जो सरकारी आवास बने हुए हैं उसकी जानकारी मीडिया क्यों नहीं ले सकती अगर विकासखंड के जिम्मेदार अधिकारी इस चीज को छुपा रहे हैं कि कौन से कर्मचारी रह रहे हैं तो यह साफ झलक रहा है कि वहां बाहरी लोग को आवास गांजे और अफीम के धंधा कर रहे हैं बात यही नहीं खत्म हो रही है जे वीडियो अनिल राय ने यह भी कहा कि मेरे डीएनए में यह नहीं है कि मैं भ्रष्टाचार एवं दलाली करना मीडिया कर्मी ने भी यह जवाब दिया कि यह शब्द मेरा नहीं है यह शब्द आप अपने जबान से कह रहे हैं । अब प्रश्न यहां भी खड़ा हो गया अगर जो इंसान सच होता है तो उसे सफाई देने एवं डीएनए जांच की जरूरत ही नहीं है।

***पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर***

पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर सुलझे हुए व्यक्ति हैं इस तरीके से वीडियो के द्वारा बयान बाजी किया गया शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक महोदय को जांच कमेटी बैठक उसे ब्लॉक परिषद में बने आवास में कौन-कौन से लोग बाहरी रह रहे हैं उसकी जांच कर कर सभी कर्मचारियों को आवास आवंटित करवा देना चाहिए फिलहाल अगर यह खबर पुलिस अधीक्षक महोदय तक पहुंचती है तो इसको संज्ञान में लेने की जरूरत है। जिस तरीके से मीडिया कर्मी से बात किया गया यह सब जाहिर हो रहा है कि वहां बाहरी लोगों आवास में रह कर गांजा अफिम की तस्करी कर रहे है । अगर समय से पुलिस अधीक्षक महोदय संज्ञान लिए तो बड़ी घटनाओं से वहां ब्लॉक परिसर में बचा जा सकता है फिलहाल देखना या होगा कि यह जांच कराई जाएगी या फिर ऐसा ही खेल चलता रहेगा।

# शहजादपुर कस्बे से बीती रात ट्रैक्टर चोरी

**पुलिस गश्त पर खड़े हो रहे सवाल**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वाहन चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है।आये दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत शहजादपुर कस्बे से अज्ञात चोरों ने बीती



रात ट्रैक्टर को पार कर दिया है। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है आम जनमानस असुरक्षित महसूस कर रहा है। साथ ही पुलिस की सक्रियता और पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े हो रहे है। मामला शहजादपुर चौकी अंतर्गत शहजादपुर कस्बे का है। जहां पर पुलिस का पहरा भी रहता है। *अकबरपुर कोतवाली अंतर्गत वर्ष 2024 में अभी तक लगभग एक दर्जन से अधिक चोरी का मुकदमा दर्ज है।* जिसमे महज तीन से चार ही घटना का खुलासा अब तक पुलिस कर पाई है।

शहजादपुर चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह रघुवंशी से वार्ता करने पर उन्होंने बताया अज्ञात के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है वाहन स्वामी के साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इब्राहिमपुर तक ट्रैक्टर को खोजते हुए गए थे शाम हो गई लेकिन अभी सफलता नही मिल पाई है।

# विद्यालयों समेत ट्यूशन क्लास सेंटरों पर बच्चों को वितरण की गई कापियां

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

महमूदाबाद , सीतापुर।तहसील क्षेत्र के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत भेथरा माधव में स्थित श्री गुरुदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा शनिवार को ब्लॉक प्रमुख पहला प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार यादव , संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार , संरक्षक मनोज पासवान , संदीप कुमार , काली प्रसाद व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश पाठक , सहायक अध्यापक प्रमोद कुमार , नितीश कुमार , संदीप वर्मा समेत कई अन्य के द्वारा उक्त विद्यालय में लगभग 30 छात्र छात्राओं को निःशुल्क कापियां वितरित की गई। और वहीं ग्राम पंचायत बेहमा में प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय में लगभग 70 छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय समाजसेवी राजेश सिंह , रितेश सोनी , बबलू गुप्ता , पंकज सोनी , विकास उर्फ विक्कू सिंह , छोटू व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका स्नेह लता भार्गव , सहायक अध्यापिका नीलम सिंह , दिव्या शर्मा , सहायक अध्यापक नदीम अहमद , अनुज यादव एवं अनुदेशक अरविन्द कुमार, मधुबाला , अर्चना सिंह , सरोजनी सिंह समेत सहयोग छात्र शिक्षा समिति टीम द्वारा उक्त विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं को निःशुल्क कापियां वितरित करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। एवं ग्राम पंचायत दुघरा में स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी वहां पर उपस्थित सभी लगभग 50 छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा कापियां वितरित की गई। इस दौरान वहां पर प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह समेत ग्रामीण भी मौजूद रहें। और वहीं संस्था के प्रबंधक/ सचिव धर्मेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि मैं एक संस्था चला रहा हूं , संस्था का नाम सहयोग छात्र शिक्षा समिति है।इस संस्था के माध्यम से अनाथ , असहाय व कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें निःशुल्क शिक्षा दिलाने का कार्य कर रहा हूं। और लगभग पहला क्षेत्र के 15 गांवों में ट्यूशन क्लास के माध्यम से भी दो घण्टे गांव के छात्र छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराने का भी काम कर रहा हूं। और संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में क्षेत्रीय लोगों के द्वारा लगातार सहयोग दिया जा रहा है। उसी सहयोग से संस्था भी छात्र छात्राओं का सहयोग करने में लगी हुई है। और ठीक इसी प्रकार से यदि संस्था को सहयोग मिलता रहा है। तो संस्था भी आगे छात्र छात्राओं का सहयोग करती रहेगी।

## विद्यालय में फैली गन्दगी , छात्र छात्राओं समेत विद्यालय स्टॉप को भी समस्या

**जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते विद्यालय बना कूड़ा घर ।**

महमूदाबाद , सीतापुर।तहसील क्षेत्र कर

ग्राम बेहमा प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय बेहमा परिसर में काफी समय से गन्दगी फैली हुई है। कमरों के आस पास कूड़े के बड़े बड़े ढेर भी लगे हुए है। और वहीं विद्यालय परिसर में कूड़ा इधर उधर बिखरा पड़ा हुआ। जिससे वहां पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को समस्या हो रही है। और क्योंकि उक्त विद्यालय में छोटे छोटे बच्चें भी पढ़ने आते है। विद्यालय में बिखरे हुए कूड़े में से जहरीले जंतु भी निकलने की आशंका बनी रहती है। जिससे वहां के बच्चें परिसर में फैली गन्दगी से सफाई कर्मचारी के प्रति नाराज दिखे। और वहीं परिसर में फैली गन्दगी को लेकर प्रधानाध्यपिका स्नेह लता समेत विद्यालय स्टॉप से वहां पर फैली गंदगी के बारे में बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि सफाई कर्मचारी से विद्यालय परिसर की साफ सफाई करने के लिए कई बार मौखिक में कहा गया है । मगर सफाई कर्मचारी के द्वारा परिसर में साफ सफाई करने के प्रति बिल्कुल भी ध्यान ही नही दिया जा रहा है। जिससे विद्यालय परिवार को परिसर में इधर उधर फैली गन्दगी से समस्या हो रही है। छात्र छात्राओं समेत विद्यालय स्टॉप ने मीडिया के माध्यम से विद्यालय परिसर की साफ सफाई कराएं जाने की मांग सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से कर रहें है।


दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

R.N.I. NO : MPHIN2021/82530

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ बेहिचक

दरें प्रति स्क्वायर से.मी. में

**व्यवासायिक**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 40 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 30 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 35 | अंतिम पृष्ठ | 30 |

**हार्दिक बधाई / धार्मिक**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 35 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 25 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 30 | अंतिम पृष्ठ | 25 |

**शोक संदेश / श्रद्धांजलि**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 25 | प्रथम पृष्ठ | 20 |
| साधारण पृष्ठ | 18 | साधारण पृष्ठ | 15 |
| अंतिम पृष्ठ | 20 | अंतिम पृष्ठ | 18 |

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सच्चाई हमारा लक्ष्य

# पशु तस्करी बूचड़खाने ले जाते 22 मवेशी से भरा ट्रक बिजली पोल से टकराया, मामला दर्ज



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे

अनूपपुर/कोतमा

अनूपपुर जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत पशु तस्करी करते हुए बूचड़खाने ले जाए जा रहे ट्रक वाहन को पुलिस के द्वारा जब्त करते हुए इस मामले में अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पशु तस्करी कर ले जाया जा रहे वाहन का पीछा करते हुए पुलिस ने ट्रक वाहन में ले जाये जा रहे वाहन को जब्त करते हुए 22 नग मवेशी 21 पड़े एवं एक भैंस को क्रूरता पूर्वक वाहन में ले जाने के दौरान अभिरक्षा में ले लिया है। सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा वाहन का पीछा करते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया, तभी ट्रक ड्राइवर ग्रामीण रास्ते से भागने का प्रयास करने लगा। भगाने के दौरान बैलगाड़ी से टकराकर ट्रक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराया।

आरोपियों के क्रूरता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुंह बांधकर भूखे प्यासे रखे जानवरों में से एक जानवर की वाहन में ही मौत हो गई। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन क्रमांक एमपी 09 एचजी 2400 को जब्त कर थाने लाकर आरोपी वाहन चालक एवं मलिक के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम की धारा-11 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### *वाहन छोड आरोपी हुए फरार*

ग्रामीण रास्ते में पुलिस को चकमा देकर जाने के दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के पश्चात वाहन चालक सहित अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब्त वाहन को थाने में खड़ा कराया। साथ ही मवेशियों को कांजी हाउस के सुपुर्द कर दिया गया है।

### विद्युत विभाग ने भी कराया मामला दर्ज

घेराबंदी के दौरान वाहन चालक द्वारा निगवानी, रेउसा तरफ वाहन को तेज गति से दौड़ाते हुए रास्ते में एक बिजली का पोल एवं एक घर को भी तोड़ दिया गया। बिजली पोल टूटने से रेउसा गांव में अंधेरा छाया रहा, जिसको लेकर विद्युत विभाग के द्वारा मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराए जाने पर धारा-279, 427 का भी अपराध वाहन चालक के खिलाफ दर्ज किया गया है।



# नगर में फल दुकानो की गई औचक निरीक्षण

### *खराब फलों का मौके पर कराया गया विनष्टीकरण, लिए गए सैंपल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

अनूपपुर*

जिला मुख्यालय स्थित फलों के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं रामलखन फल भंडार, शिवशक्ति फल भंडार, साईबाबा फ्रूट कंपनी, तुलसी राठौर फल विक्रेता, विनोद चौधरी फल विक्रेता आदि की दुकानों का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान खराब फलो संतरा, अंगूर, सेव, अनार आदि का मौके पर ही विनष्टीकरण कराया गया सड़े-गले फलों का विक्रय न करने की समझाइश दी गई , संतरा, अंगूर, सेव, अनार आदि फलों के सैंपल जाँच हेतु लिए गए है जिसकी प्रयोगशाला से जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी द्व निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर पालिका अनूपपुर के स्वच्छता निरीक्षक टीम में रहे ।

# 1.5 लाख का दो बैगों में भरा 15 किलो गांजा पुलिस ने किया जप्तकर महिला को किया गिरफ्तार





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

*अनूपपुर*

कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने बस स्टैण्ड अनूपपुर से 36 वर्षीय महिला को दो ट्रॉली बैग में भरे 15 किलो से अधिक गांजा अनुमानित कीमत 1.52 लाख रूपए के साथ पकड़ते हुए उसके खिलाफ धारा धारा 8/20 बी के तहत मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बस स्टेण्ड अनूपपुर में एक महिला यात्री बिजुरी थाना अंतर्गत छोट बेलिया अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। जिसके पास दो बैग रखे थे पूछतांछ करने व बैगों की जांच में पाया कि गांजा भरा हैं पुलिस मौके पर दो ट्रॉली बैग में 15 पैकेट गांजा के मिले। कुल वजन 15 किलो 221 किलोग्राम गांजा अनुमानित कीमत 1 लाख 52 हजार 210 रूपए आंकी गई हैं। जिसे जप्त करते हुए आरोपित महिला को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीए एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में उपनिरीक्षक संजय खलखो, मंलगा प्रसाद दुबे, सहायक उपनिरीक्षक हरूननिशा, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर, रीतेश सिंह, प्रवीण भगत, महिला आरक्षक ऊषा सिंह रहीं।

# मोदी की गारंटी से बदल रही है देश की तकदीर और तस्वीर - गुप्ता

देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷

-भारत का प्रत्येक व्यक्ति सशक्त और समृद्ध हो यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है आज मोदी की गारंटी देश की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदल रही है प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी नीति से समाज के अंतिम जन को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है विगत दस वर्षों में भारत एक बड़े सामाजिक और आर्थिक बदलाव के दौर से गुजरा है। इसने देश को एक सक्षम राष्ट्र की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने विधानसभा के सुखेड़ा मण्डल में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से कही।

### 25 करोड़ गरीबों के सशक्त होने की गारंटी है मोदी - डॉ पाण्डेय

इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि रामराज्य की संकल्पना को आत्मार्पित करने के साथ मोदी सरकार ने देश में कई जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया है, जिसके परिणामस्वरूप बीते एक दशक में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह महज आंकड़ा नहीं है, बल्कि 25 करोड़ गरीबों के सशक्त होने की मोदी की गारंटी है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह कालूखेड़ा, पूर्व केबिनेट मंत्री भरतदास बैरागी, लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, विधानसभा प्रभारी ईश्वरलाल पाटीदार, विधानसभा संयोजक महेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का मंत्र देकर देश को नई ऊंचाइयों पर पहुचाया है बेघरों को घर, गरीबो को राशन ओर मुफ्त उपचार आसानी से मिल रहा है उन्होंने कहा कि देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना मोदी के तीसरे कार्यकाल की सबसे बड़ी गारंटी है लोगो को स्पष्ट दिख रहा है कि भारत के भविष्य और विकसित राष्ट्र का सपना मोदी की गारंटी के बगैर संभव नही हैं।

### जगह जगह हुवा भव्य स्वागत

भाजपा विधानसभा मीडिया संयोजक प्रफुल जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी गुप्ता ने रविवार को सुखेड़ा मण्डल के ग्राम आक्यादेह, सुजापुर, पंचेवा, माउखेड़ी, सुखेड़ा, काबुलखेड़ी, भाकरखेड़ी, रियावन, झांतला, बछोड़िया, रानीगांव, मावता, रणायरा, रीछादेवड़ा, सेमलखेड़ी, पिंगराला, बरखेड़ी, जड़वासा, माननखेड़ा आदि ग्रामो में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह जगह गुप्ता का भव्य स्वागत किया व विभिन्न स्थानों पर गुप्ता को फलो से तोला गया। संचालन मण्डल अध्यक्ष अमित पाठक ने किया। आभार महामंत्री कैलाश बारोड़, घनश्याम बैरागी ने माना।

### जनसम्पर्क में इनकी रही उपस्थित

जनसम्पर्क में किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, विधानसभा सह संयोजक बद्रीलाल शर्मा, भाजपा जिला मंत्री रतनलाल लाकड़, अजय पाण्डेय शुजापुर, भाजपा पिपलौदा मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुडरखेड़ा, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, राघवेंद्र पालीवाल, सुरेश धाकड़, रितेश जैन, पवन जैन, मनोज मेहता, मोहन पटेल, वीरेंद्र सिंह चौहान, दिलीप कारपेंटर, सुभाष पांचाल, रामप्रसाद राठौड़, मांगीलाल राठौड़, पर्वत आंजना, सुखेड़ा सरपंच महावीर मेहता, चिमन सिंह बेलारी, महिला मोर्चा से निर्मला हाड़ा, मधुबाला चन्द्रावत, चांदनी जैन, अनिल कियावत, बंकट दास बैरागी, दसरथ आंजना, जीवन आंजना, जगदीश आंजना, दीपक नाहर, कमल दास बैरागी, दिनेश जैन, गोकुल पटेल,संतोष सोनार्थी, जगदीश बाबूजी, बालाराम पटेल, रामरूप पाटीदार, सौरभ शर्मा, रामेश्वर मंडोरा, कपिल जायसवाल, लक्ष्मण पटेल, अनतलाल पाटीदार, मुकेश भट्ट, भेरूलाल पाटीदार, गजराज सिंह, गोवर्धन सिंह, हीरालाल खराड़ी, मोहनलाल पालनपुर, कारूलाल राठौड़, प्रकाश आंजना, बंशीलाल कुमावत, अमृत कुमावत, यशवंत सिंह सिसोदिया, कचरूलाल वाघेला आदि मण्डल क्षेत्र के सभी वरिस्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# थाना गढ़ी मलहरा पुलिस ने 4 साल पुराने मारपीट के प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने आदर्श आचार संहिता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारी को फरार वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटी, इनामी बदमाश एवं जिला बदर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है*

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी नौगांव श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना गढ़ी मलहरा पुलिस टीम द्वारा 4 साल पुराने मारपीट के प्रकरण में फरार आरोपी





स्थाई वारंटी बंदी उर्फ अरविंद अहिरवार वार्ड नंबर 15 कस्बा गढ़ी मलहरा थाना गढ़ी मलहरा को मुखबिर की सूचना पर गढ़ी मलहरा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

थाना गढ़ी मलहरा के अपराध क्रमांक 244/20 एवं माननीय न्यायालय के आरसीटी क्रमांक 1161/20 मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी संबंधी धाराओं के प्रकरण के फरार आरोपी बंदी उर्फ अरविंद अहिरवार पर माननीय न्यायालय द्वारा माह फरवरी 2024 में स्थाई वारंट जारी किया गया था।

# खुद की लागत से बनाया मंदिर: मंत्रोच्चार के साथ की शिव परिवार की स्थापना

रिपोर्टर- दिनेश शुक्ला

आलोट 7 नगर की पंचम विहार कालॉनी के सतीश अरोड़ा पिता ओम प्रकाश अरोड़ा ने अपनी खुद की लागत से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण करवाया। मंदिर को बनने में लगभग 6 महिने का समय लगा।

कालॉनी में जहां पहले बगीचा हुआ करता था वहां आज शिव परिवार की स्थापना की गई। सतीष अरोड़ा ने बताया कि रविवार को सुबह 9 बजे गुलबालोद के पंडित घनश्याम शुक्ला द्वारा पूरे रिती रिवाज़ और वैदिक मंत्रौचार के साथ नर्मदेश्वर महादेव के साथ पुरे शिव-परिवार की स्थापना की गई। आज शाम को महाआरती के साथ



महाप्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया है।

# बच्चों ने निकाली बलदेव में मां काली की शोभा यात्रा

### बाल कलाकार देवांग गोयल बने काली

बलदेव

नीवरी रोड से भव्य मां काली की शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका मार्ग में जगह-जगह नगरवासियों ने आरती उतारकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

नीवरी रोड के बच्चों ने एकत्रित होकर काली शोभा यात्रा निकाली।काली स्वरूप में देवांग गोयल काली बने।उनके प्रदर्शन को देख कर लोग दातों तले उंगली दबाने पर मजबूर हो गए।

काली के साथ बाल कलाकार जय वर्मा,कान्हा वर्मा,माधव वर्मा,देवेश बॉबी,समर्थ पांडे,निर्मल,साहिल,शिवम सोनी,गगन अग्रवाल ने भी तलवार बाजी का शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर संजीव गोयल,सुजीत वर्मा,नवीन वर्मा,दिलीप वर्मा,पवन सोनी,सोनू भैया, करन अग्रवाल,कपिल व्यास,तन्नू शर्मा, बंटी गोयल,मोहित गोयल, बंटू संत, बल्लो पांडेय ,अमन वर्मा, करन शर्मा, दाऊ गोयल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।काली शोभा यात्रा कस्बा के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली ।

# 'स्वस्थ दिल के लिए करें ओमेगा-3 का सेवन"

### ओमेगा 3 शरीर की खास जरूरत

नेहा नितिन शर्मा

(डाइटिशियन) इंदौर दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

ओमेगा 3 फैटी एसिड शरीर की खास जरूरत है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौते हृदय रोगों के कारण होती हैं। जीवन शैली और खान-पान में आए परिवर्तन के कारण लोगों में कई तरह के हृदय रोग पनप रहे हैं हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए।

आधुनिक आहारो में ओमेगा 3 नामक तत्वों की कमी होती है। यह अनिवार्य फैटी एसिड होते हैं जो मस्तिष्क के विकास एवं मैगनोसेल्यूलर पाथवेज के कार्य प्रदर्शन पर असर डालते हैं।

ओमेगा 3 फेसटी एसिड हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाने में मदद कर हड्डी की शक्ति में सुधार लाता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है यह गठिया मे भी मदद करता है ओमेगा 3 की खुराक लेने वाले मरीजों के अनुसार यह जोड़ों के दर्द में कमी लाता है। मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।

### ओमेगा 3 फैटी एसिड के प्राकृतिक स्रोत-------------

अंडा ,अलसी ,अखरोट, सोयाबीन, फूल गोभी ,मछली, ब्लूबेरी राजमा ,हरी सब्जियां ,शैवाल।





÷÷÷स्वस्थ दिल के लिए करें ओमेगा-3 का सेवन÷÷

### ओमेगा 3 शरीर की खास जरूरत

नेहा नितिन शर्मा

(डाइटिशियन) इंदौर दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

ओमेगा 3 फैटी एसिड शरीर की खास जरूरत है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौते हृदय रोगों के कारण होती हैं। जीवन शैली और खान-पान में आए परिवर्तन के कारण लोगों में कई तरह के हृदय रोग पनप रहे हैं हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए।

आधुनिक आहारो में ओमेगा 3 नामक तत्वों की कमी होती है। यह अनिवार्य फैटी एसिड होते हैं जो मस्तिष्क के विकास एवं मैगनोसेल्यूलर पाथवेज के कार्य प्रदर्शन पर असर डालते हैं।

ओमेगा 3 फेसटी एसिड हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा बढ़ाने में मदद कर हड्डी की शक्ति में सुधार लाता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस का जोखिम कम होता है यह गठिया मे भी मदद करता है ओमेगा 3 की खुराक लेने वाले मरीजों के अनुसार यह जोड़ों के दर्द में कमी लाता है। मांसपेशियों को मजबूत बनाता है।

### ओमेगा 3 फैटी एसिड के प्राकृतिक स्रोत-------------

अंडा ,अलसी ,अखरोट, सोयाबीन, फूल गोभी ,मछली, ब्लूबेरी राजमा ,हरी सब्जियां ,शैवाल।

# श्री सनातन धर्म मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में आज अष्टम स्कंध की कथा में



दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर में गज और ग्राह का प्रसंग, गजराज पर भगवान श्री हरि की कृपा, समुद्र मंथन, देवाधिदेव महादेव द्वारा हलाहल विष का पान,चौदह रत्नों की उत्पत्ति, देवासुर संग्राम, भगवान चक्रधर द्वारा मोहिनी रूप में दर्शन देना, वामन अवतार की कथा प्रसंग राजा बलि पर अहैतुकी कृपा, महाप्रतापी सूर्य वंश में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतार की कथा कंस के कारागार में देवकी वसुदेव के यहां श्री कृष्ण का जन्म एवम गोकुल में नंदोत्सव की भाव पूर्ण कथा का सरस वर्णन हुआ, ।कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित संतोष जी कंकोरिया ने कहा राजा परीक्षित के प्रश्न करने पर अवधूत संत परमहंस श्री शुकदेव जी महाराज ने कहा *जो जीव पूर्ण रूप से भगवान के शरणागत हो जाता है उस भक्त की भगवान हर प्रकार से रक्षा एवम पोषण करते हैं।* गज एवम ग्राह का प्रसंग श्रवण कराते हुए आचार्य पंडित संतोष जी ने कहा गजराज अपने कुटुम्ब के साथ वन में भ्रमण करते हुए थक जाने पर अपनी प्यास बुझाने के लिए नदी किनारे पहुंच कर जलक्रीड़ा करने लगा।इससे क्रुद्ध होकर ग्राह ने गजराज का पांव पकड़ लिया और गहरे जल के भीतर खींचने लगा, एक हजार वर्ष तक दोनों का भयंकर युद्ध चलता रहा, गजराज के सभी कुटुम्ब सम्बन्धी एक एक करके अकेला छोड़कर चले गए।जब गजराज ने देखा अब उसकी मृत्यु अवश्यंभावी है,केवल तिल मात्र सूंड जल के ऊपर रह गई है तब उसने एक कमल पुष्प सूंड में पकड़ कर अत्यंत आर्त होकर श्री हरि विष्णु जी को समर्पित कर दिया और पुकारा हे हरि, आधे से भी कम क्षण मात्र में भगवान नंगे पांव दौड़े हुए चले आए, आकर सुदर्शन चक्र से ग्राह का उद्धार किया,गजराज की प्राण रक्षा की।

जीव संसार की चमक दमक, परिवार के मोह में, अपने बल के अहंकार में चूर होकर भगवान को भुला देता है,पर जब वृद्धावस्था आती है,शरीर का बल क्षीण हो जाता है, रोगों से ग्रस्त हो जाता है, कोई भी प्रिय जन भी बुलाने पर भी निकट आना नहीं चाहता, तब यह मनुष्य मृत्यु शैया पर अकेला पड़ा हुआ सोचता है मैंने अपने स्वयं के कल्याण के लिए कुछ भी नहीं किया, मेरा सम्पूर्ण जीवन व्यर्थ ही गया, अब वह एकांत में रोते हुए भगवान को पुकारता है तब भगवान ही आकर उसकी रक्षा करते हैं परन्तु भगवान को तभी पुकार सकेगा जब उसने जीवन में संतों का संग किया होगा। समुद्र मंथन की कथा सुनाते हुए कहा समुद्र मंथन में सबसे पहले हलाहल विष निकला जिसे देवाधिदेव महादेव ने अपने कंठ में धारण किया। इसके बाद 14 रत्न निकले जिसे देव और दानवों ने आपस में बांट लिया। माता लक्ष्मी प्रकट हुईं जिन्होंने भगवान नारायण का वरण किया। श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा जब जब धर्म की हानि होती है अधर्म बड़ता है तब धर्म की रक्षा हेतु भगवान अवतार लेकर आते हैं।कंस के कारागार में देवकी वसुदेव जी के यहां श्री कृष्ण ने जन्म लिया और कहा मुझे नंद यशोदा के यहां गोकुल में पहुंचा दो। गोकुल में बाबा नंद के यहां नंदोत्सव हुआ। नन्द के आंनद भयो जय कन्हैया लाल की गाते हुए सभी श्रद्धालु भक्तों ने उत्साह पूर्वक नाचते हुए बधाईयां लुटाई।



# सीएम मोहन यादव करेंगे 30 अप्रैल को बैरसिया में रोड शो

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया। भारतीय जनता पार्टी से भोपाल लोकसभा के प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में 30 अप्रैल यानी मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव बैरसिया में रोड शो करेंगे। बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासन के साथ मिलकर रोड शो होने वाले रास्ते को लेकर रविवार को जायजा लिया।

बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव मंगलवार को करीब शाम 5 बजे बैरसिया बस स्टैंड से चोपड़ बजार तक रोड शो करेंगे। उन्होंने बताया कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य है। उसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे कार्यकर्ता जुटे हुए है। इसी तरह से बैरसिया विधानसभा भी इस बार हमारे प्रत्याशी आलोक शर्मा रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव रोड के माध्यम से मतदाताओं से भाजपा को वोट देने की अपील करेंगे।

# जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदुओं को बांटना चाहती है कांग्रेसः डॉ. नरोत्तम मिश्रा

दतिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व न्यू जॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को भिंड लोकसभा क्षेत्र के दतिया में पार्टी प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में ग्राम राजापुर, ग्राम चरूला सहित कई जगहों पर जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि विभाजनकारी और सनातन विरोधी कांग्रेस को जनता अंतिम विदाई देकर राजनीति के मैदान से रवाना कर दे। कांग्रेस का एक मात्र एजेंडा सनातन को विभाजित कर कमजोर करने का रहा है। डॉ मिश्रा ने कहा कि कोई भी यह नहीं भूला कि यह वही कांग्रेस है जिसने पहले धर्म के आधार पर देश का बंटवारा किया,कश्मीर को बांटा गया और फिर चीन के साथ जमीन का बंटवारा भी कर दिया। अब जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदुओं को ही बांटने की साजिश कांग्रेस कर रही है।

## 80 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त में राशन

डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। आयुष्मान योजना का लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। लोगों को बीमार होने पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पांच लाख रुपये का निःशुल्क इलाज कराया जा सकता है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी अब आयुष्मान योजना के माध्यम से इसका लाभ उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज भोपाल में इस




अभियान की शुरूआत बुजुर्गों के फॉर्म भरवाकर की है प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना हो या लाडली बहना योजना की राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचती है।

## यह चुनाव तय करेगा देश का भविष्य

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह चुनाव देश के लिए बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव आने वाले देश का भविष्य तय करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेज गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत 2047 तक विश्व कैसे बनेगा इसका सारा रोडमैप तैयार है। 7 और 13 मई को बड़ी संख्या में मतदान करके पार्टी प्रत्याशियों को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत करना है।

# गुना जिले की चारों विधानसभाओं में 85+ एवं दिव्यांग मतदाताओं की होम वोटिंग प्रारंभ

गुना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 85+ वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांनग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की प्रक्रिया आज से प्रारम्भ हो गई है। जिले की चारों विधानसभाओं के ऐसे कुल 521 मतदाताओं का मतदान डाक मतपत्र के माध्याम से गठित मतदान दलों द्वारा दो चरणों में घर जाकर कराया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं मुख्यु कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक द्वारा आज गायत्री स्कूमल वाली गली सिसोदिया कालोनी में 36 वर्षीय दिव्यांग मतदाता श्री विवेक पुत्र अरविंद पाठक के घर पहुंचकर होम वोटिंग का अवलोकन एक किया। इसी प्रकार ग्राम विजयपुर राघौगढ़ के 89 वर्षीय मतदाता श्री मोहल लाल के घर जाकर होम वोटिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। ज्ञात है कि 85+ बुजुर्ग एवं दिव्यांगि मतदाताओं का मतदान विधानसभा बमोरी एवं चांचौड़ा में प्रथम चरण में 28-29 अप्रैल 2024 एवं द्वितीय चरण में 01-02 मई को कराया जायेगा। इसी प्रकार विधानसभा गुना एवं राघौगढ़ में प्रथम चरण में 28 अप्रैल एवं द्वितीय चरण में 01 मई 2024 को घर जाकर मतदान कराया जायेगा।

## कलेक्टर द्वारा मतदान सामग्री वितरण स्थोल पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ का किया गया निरीक्षण

गुना। कलेक्टयर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह द्वारा आज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 20-राजगढ़ की विधानसभा चांचौड़ा एवं राघौगढ़ के लिए बनाये गये सामग्री वितरण स्थनल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंएने वितरण स्थिल की व्यावस्थायओं का जायजा लिया साथ ही ईव्हीरएम कमीशनिंग कार्य का भी निरीक्षण किया। कलेक्टसर द्वारा वितरण स्थाल पर मतदान दलों के लिए बेहतर व्ययवस्थाकएं करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि, 06 मई 2024 को संसदीय क्षेत्र 20-राजगढ़ की विधानसभा चांचौड़ा एवं राघौगढ़ के लिए मतदान सामग्री का वितरण पॉलिटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ से किया जायेगा।

## कलेक्टर द्वारा राघौगढ़ के मतदान केन्द्रों में आवश्यसक मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

आज निरीक्षण के दौरान विधानसभा राघौगढ़ के ग्राम- दौराना के मतदान केंद्र 53- प्राथमिक शाला भवन एवं आदर्श मतदान केंद्र 54- नवीन पंचायत भवन दौराना एवं आदर्श मतदान केंद्र 47-प्राथमिक शाला भवन सकतपुर के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत दौराना एवं सकतपुर द्वारा मतदान केंद्र में आकर्षक आवश्यक सुविधाएं की गयी हैं। इस दौरान इस दौरान उन्होंतने मतदान केन्द्रों में किये जा रहे कायाकल्प पर प्रशंसा व्यदक्तो की गयी। इसी तरह के अन्य मतदान केंद्रों को तैयार करने के निर्देश जनपद सीईओ राघौगढ श्री शैलेंद्र यादव दिये गये।

ज्ञात हैं कि कलेक्टर के निर्देशों के क्रम में सभी मतदान केंद्रों में पंखा, लाइट फिटिंग, पेयजल, रंगाई, पुताई, शौचालय, पेंटिंग आदि का कार्य वृहद स्तर पर करवाया जा रहा है, जिससे उनका मूल स्वरूप बदला हुआ नजर आ रहा है। जिसके लिए ग्रामवासी प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए नजर आ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राघौगढ़ सुश्री आर.अंजली, जनपद सीईओ राघौगढ़ श्री शैलेंद्र यादव, तहसीलदार श्री अनुराग जैन सहित उपयंत्री, सचिव, बीएलओ, पटवारी एवं अन्यं अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों के लिये हुआ ईवीएम का निर्धारण



**ग्वालियर।** ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में 7 मई को होने जा रहे चुनाव में कौन से मतदान केन्द्र पर कौन-कौनसी कंट्रोल यूनिट व बैलेट यूनिट (इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन) एवं कौन से वीवीपैट उपयोग में लाए जायेंगे, इसका निर्धारण हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के जरिए कम्प्यूटर से ईव्हीएम मशीनों का मतदान केन्द्रवार रविवार को रेंडमाइजेशन किया गया। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्र के हिसाब से 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट (हर मतदान केन्द्र के लिए 2 बैलेट यूनिट के मान से) व 120 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट और 130 प्रतिशत वीवीपैट का निर्धारण किया गया है। ज्ञात हो ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में 19 उम्मीदवार होने से यहाँ पर हर मतदान केन्द्र पर दो बैलेट यूनिट उपयोग में लाई जायेंगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिये नियुक्त प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य, कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान तथा प्रत्याशियों व

## प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं प्रत्याशियों व उनके अभिकर्ताओं की मौजूदगी में हुई रेंडमाइजेशन की कार्रवाई

उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में ईव्हीएम रेंडमाइजेशन की कार्यवाही संपादित की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन एवं ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सभी विधसानसभा क्षेत्रों के एआरओ भी मौजूद थे। ज्ञात हो 03-ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें ग्वालियर जिले के 6 व शिवपुरी जिले के 2 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल मिलाकर 2289 मतदान केन्द्र हैं। जिसमें ग्वालियर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के 1680 व शिवपुरी जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों के 609 मतदान केन्द्र शामिल हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव जैन ने बताया कि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के लिए हुए रेंडमाइजेशन के बाद कुल 5492 बैलेट यूनिट का निर्धारण हुआ है, जिसमें 914 रिजर्व बैलेट यूनिट शामिल हैं। इसी तरह रेंडमाइजेशन के बाद कुल 2745 कंट्रोल यूनिट का निर्धारण हुआ है, जिसमें 456 रिजर्व कंट्रोल यूनिट शामिल हैं। कुल 2974 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन में निर्धारण हुआ है, जिसमें 685 रिजर्व वीवीपैट शामिल हैं।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य एवं प्रत्याशियों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी दी। इसके बाद एनआईसी की सूचना विज्ञान अधिकारी श्रीमती अभिलाषा जैन ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सॉफ्टवेयर के जरिए रेण्डमाइजेशन की कार्रवाई संपादित की। सभी के संतुष्ट होने के बाद विधानसभा क्षेत्रवार एवं मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही पासवर्ड डालकर लॉक कर दिया गया। रेंडमाइजेशन के बाद निर्धारित हुई ईव्हीएम मशीनों के मतदान केन्द्रवार नम्बर सभी प्रत्याशियों और प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य की मौजूदगी में मुहैया कराए गए।

## ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल मतदान केन्द्रों और आवंटित ईवीएम का ब्यौरा

ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल 2289 मतदान केन्द्र हैं। इनमें ग्वालियर जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के 271, ग्वालियर के 307, ग्वालियर पूर्व के 321, ग्वालियर दक्षिण के 254, भितरवार के 267 व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र डबरा (अजा) के 260 मतदान केन्द्र और शिवपुरी जिले के करैरा (अजा) के 310 व पोहरी विधानसभा क्षेत्र के 299 मतदान केन्द्र शामिल हैं। रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के लिये रिजर्व सहित 650 बैलेट यूनिट, 325 कंट्रोल यूनिट व 352 वीवीपैट का निर्धारण हुआ है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर लिये रिजर्व सहित 737 बैलेट यूनिट, 368 कंट्रोल यूनिट व 399 वीवीपैट निर्धारित हुई हैं। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के लिए रिजर्व सहित 770 बैलेट यूनिट, 385 कंट्रोल यूनिट व 417 वीवीपैट, विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर दक्षिण के लिए रिजर्व सहित 610 बैलेट यूनिट, 305 कंट्रोल यूनिट व 330 वीवीपैट, भितरवार के लिये रिजर्व सहित 641 बैलेट यूनिट, 320 कंट्रोल यूनिट व 347 वीवीपैट, विधानसभा क्षेत्र डबरा के लिए रिजर्व सहित 624 बैलेट यूनिट, 312 कंट्रोल यूनिट व 338 वीवीपैट का निर्धारण हुआ है। शिवपुरी जिले के विधानसभा क्षेत्र करैरा (अजा) में रिजर्व सहित 744 बैलेट यूनिट, 372 कंट्रोल यूनिट व 403 वीवीपैट और पोहरी विधानसभा क्षेत्र में रिजर्व सहित 716 बैलेट यूनिट, 358 कंट्रोल यूनिट व 388 वीवीपैट का निर्धारण हुआ है।

## जेपी यूनिवर्सिटी छात्रों के ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

गुना। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.सतेन्द्रल सिंह के निर्देशन में एवं मुख्यन कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि अंतर्गत राघौगढ़ साडा चौराहे एवं एसबीआई बैंक के पास राघौगढ़ में नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरुक करने के लिए जेपी यूनिवर्सिटी छात्रों के ग्रुप के द्वारा नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया एवं अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार रेनू कासलीवाल, सहायक यंत्री श्री हरीश श्रीवास्त, अनिल वर्मा, आरिफ ख़ान, नगर पालिका एवं जेपी यूनिवर्सिटी से एचआर केपी मिश्रा, डॉ.अमित शर्मा, डॉ.आरिफ खान, इंजी.जी.दास, श्री जगदीश सैनी तथा बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित रहे।

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत नवोदय विद्यालय एवं प्रशासन एकादश के बीच खेला गया क्रिकेट मैच

गुना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीयप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है। इसी क्रम में आज स्वीप गतिविधि अंतर्गत क्रिकेट मैच नवोदय विद्यालय मैदान पर खेला गया। जिसमे नवोदय विद्यालय की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 7 विकेट खो कर 15 ओवर में 87 रन बनाये। वहीं प्रशासन एकादश ने बिना विकेट खोये 7.2 ओवर मे 91 रन बनाये और जीत दर्ज की।